R.N.I.NO UPHIN/2010/39063



हिंदुस्तान डर का देश नहीं है। हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की। नरेंद्र मोदी, भाजपा और ये पूरा हिंदू समाज नहीं हैं– जो हिंसा और नफरत फैलाता है, वो हिंदू हो ही नहीं सकता।


हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।





वर्ष : 14 अंक : 258 | लखनऊ मंगलवार,02 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये



3 कृषि विवि प्रशासन ने छात्रों का....
6 शिक्षा सत्र के पहले दिन छात्र-....
सेलिना जेटली का 19 साल ..... 8


# बाढ़ के समय राहत और बचाव के लिए बेहतर कोआर्डिनेशन और क्विक एक्शन जरूरी, मुख्यमंत्री ने दिए दिशा-निर्देश



लखनऊ,01 जुलाई 2024 (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अब मानसून अपना पूरा असर दिखा रहा है और जमकर बादल बरस रहे है। जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बाढ़ प्रबंधन और जन–जीवन की सुरक्षा के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, सीएम योगी ने इस बैठक में अफसरों को बेहतर समन्वय, त्वरित कार्रवाई और बेहतर प्रबंधन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। आधिकारियों के मुताबिक प्रदेश के महराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोंडा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, आंबेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी समेत 24 जिले बाढ़ की दृष्टि से 'अति संवेदनशील हैं। इसी तरह सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज 'संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिये पर्याप्त सामग्री जुटाने और इन स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा आवश्यक उपकरणों का भी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बाढ़ और अत्यधिक बारिश की स्थिति की लगातार निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बलध्पीएसी बाढ़ इकाई तथा आपदा प्रबंधन दल दिन–रात मुस्तैद रहें। आपदा मित्र स्वयंसेवकों के साथ–साथ होमगार्ड जवानों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। किसकी तैनाती कब और कहां होनी है इस बारे में कार्ययोजना तैयार कर लें। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जाए। सीएम ने यह भी कहा कि अत्यधिक बारिश से फसल खराब होने पर बिना देर किये उसकी क्षतिपूर्ति कराई जाए और इसके अलावा, किसानों को मौसम पूर्वानुमान से अवगत कराते हुए खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियोंके बारे मेंजागरूक किया जाए। उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष हर वक्त सक्रिय रखने की हिदायत दी ।

# अब मास्को में बनेगा हिंदू मंदिर पीएम मोदी के रूस दौरे से पहले मांग तेज

***हिंदू धर्म सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि ये दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। रूस में भी हिंदू धर्म का लगातार विकास हो रहा है। ईसाइयों की भारी आबादी होने के बाद भी रूस में हिंदुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। रूस के मश्वस्को और पीटर्सबर्ग में इस्कश्वन मंदिर पहले से हैं।***



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने रूस के दौरे पर रहने वाले है। ये उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला रूस दौरा होने वाला है। इस दौरे को लेकर भारत और रूस दोनों ही देशों में उत्साह बना हुआ है। इस बीच एक और मांग तेज होने लगी है। रूस में हिंदू मंदिर निर्माण की मांग ने जोर पकड़ लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से पहले ये मांग उठने लगी है।रूस में रहने वाले भारतीय समुदाय ने आठ जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले मॉस्को में हिंदू मंदिर के निर्माण की मांग की है। इस दिन ही यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। बता दें कि मॉस्को में हिंदू मंदिर निर्माण की मांग इंडियन बिजनेस अलायंस और इंडियन नेशनल कल्चरल सेंटर की ओर से की गई है। इंडियन बिजनेस अलायंस और इंडियन नेशनल कल्चरण सेंटर ने संयुक्त रुप से कहा कि मॉस्को में रूस का पहला हिंदू मंदिर निर्मित होना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर ये मंदिर बनाया जाना चाहिए। मॉस्को में जब पहला हिंदू मंदिर बनकर तैयार होगा तो ये भारतीयों के लिए एकता और आकर्षण का केंद्र बनकर उभरेगा। इसके साथ ही ये मंदिर रूस और भारत के बीच मजबूत संबंधों को भी दर्शाएगा।

रूस में हिंदू धर्म

गौरतलब है कि हिंदू धर्म सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि ये दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। रूस में भी हिंदू धर्म का लगातार विकास हो रहा है। ईसाइयों की भारी आबादी होने के बाद भी रूस में हिंदुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। रूस के मॉस्को और पीटर्सबर्ग में इस्कॉन मंदिर पहले से हैं। मगर ये मंदिर काफी सादी इमारतों में बने हुए है। रूस में हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार वर्ष 1900 के बाद हुआ है। बता दें कि ब्रिक्स सम्मेलन से पहले इस तरह की मांग का उठना अहम है।

गौरतलब है कि इस वर्ष की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में आबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर लोगों को समर्पित किया गया है।

# राहुल गांधी पर जेपी नड्डा का पलटवार

नई दिल्ली 01 जुलाई (एजेंसी) विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विवादास्पद बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह विरोध किया है। लोकसभा में बोलते हुए, गांधी ने सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों पर सच्चे हिंदू नहीं होने का आरोप लगाया और दावा किया कि वे विभाजन और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। इसी को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। जेपी नड्डा ने कहा कि पहला दिन, सबसे खराब प्रदर्शन! झूठ. हिंदू से नफरत = संसद में राहुल गांधी जी।नड्डा ने कहा कि तीसरी बार असफल एलओपी के पास उत्तेजित, त्रुटिपूर्ण तर्क करने की क्षमता है। उनके आज के भाषण से पता चला है कि न तो उन्हें 2024 का जनादेश (उनकी लगातार तीसरी हार) समझ में आया है और न ही उनमें कोई विनम्रता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी सभी हिंदुओं को हिंसक बताने के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। ये वही शख्स है जो विदेशी राजनयिकों को बता रहा था कि हिंदू आतंकवादी हैं हिंदुओं के प्रति यह आंतरिक नफरत बंद होनी चाहिए।श उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता अब 5 बार के सांसद हैं लेकिन उन्होंने संसदीय मर्यादाएं नहीं सीखीं और न ही उन्हें सभ्यता की समझ है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बार–बार बातचीत के स्तर को कम कर देता है। आज सभापति के प्रति उनके वक्तव्य बहुत खघराब थे। उनकी सत्यनिष्ठा और व्यक्तित्व पर अप्रमाणित आक्षेप लगाने के लिए वह सभापति से माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने हमारे मेहनती किसानों और बहादुर सशस्त्र बलों से संबंधित मामलों सहित कई मामलों में स्पष्ट रूप से झूठ बोला। एमएसपी और अग्निवीर पर झूठे दावों के लिए केंद्रीय मंत्रियों द्वारा उनकी विधिवत तथ्य–जांच की गई। अपनी घटिया राजनीति के लिए वह हमारे किसानों और सुरक्षा बलों को भी नहीं बख्शेंगे।

# रिजर्व बैंक ने अर्नब कुमार चौधरी को नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

**रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग को देखेंगे।**



नई दिल्ली 01 जुलाई (एजेंसी) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नेअर्नब कुमार चौधरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार से प्रभाव में आएगी। चौधरी डीआईसीजीसी सहित तीन विभागों को देखेंगे।कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक–प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग को देखेंगे।चौधरी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है। वह आईआईबीएफ (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस) के प्रमाणित सहयोगी भी हैं। उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है।उन्होंने वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया है। चौधरी ने कॉर्पोरेट रणनीति, बजट, लेखा और निर्गम विभाग के क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कई समितियों और कार्य समूहों के सदस्य के रूप में भी काम किया है और नीति निर्माण में योगदान दिया है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर शरद पवार का बड़ा दांव, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) संग सीट शेयरिंग को लेकर किया ये दावा

***पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राकांपा प्रमुख ने कहा कि चूंकि अर्जुन का लक्ष्य (महाकाव्य महाभारत में) एक आंख (मछली की) थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र में चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (सपा) और उद्धव ठाकरे की सेना (यूबीटी) संयुक्तरूप से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू होगी।***



नई दिल्ली 01 जुलाई (एजेंसी) महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी (सपा प्रमुख) शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और उनकी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सीटों का बंटवारा जल्द शुरू होगा. राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राकांपा प्रमुख ने कहा कि चूंकि अर्जुन का लक्ष्य (महाकाव्य महाभारत में) एक आंख (मछली की) थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र में चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (सपा) और उद्धव ठाकरे की सेना (यूबीटी) संयुक्त रूप से विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू होगी।महायुति के खिलाफ संघर्ष में संपूर्ण विपक्षी दलों की एकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पवार ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो गठबंधन का हिस्सा थे। लेकिन इन तीन पार्टियों की तरह वामपंथी दल, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थे लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीटें नहीं दे सके। इन पार्टियों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।महाराष्ट्र बजट पर शरद पवारशुक्रवार को सीएम एकनाथ शिंदे द्वारा पेश किए गए राज्य के बजट के सवाल पर पवार ने कहा कि अगर आप खाली जेब लेकर बाजार में जाते हैं तो क्या होता है? कुछ दिनों की बात है, जल्द ही हकीकत दिखेगी। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि एनसीपी (सपा), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक हैं जो उद्धव के पतन से पहले नवंबर 2019 से जून 2022 तक महाराष्ट्र में सत्ता में रहे। इससे पहले पवार ने कहा था कि विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन का कोई एक चेहरा नहीं बल्कि सामूहिक चेहरा है, जिसे कई लोग उद्धव ठाकरे के लिए झटका मान रहे हैं।

# अनुप्रिया पटेल की साख पर आई आंच तो बीजेपी की लगाई क्लास

***दरअसल, लोकसभा चुनाव में उन्हें अपनी परंपरागत सीट पर अनुप्रिया को बड़ी मशक्कत और कड़े संघर्ष में जीत मिली थी, वहीं, राबर्टगंज सीट उनके हाथ से निकल गई। भाजपा ने अपना दल को दो ही सीटें दी थीं।***



लखनऊ01 जुलाई (एजेंसी) अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की 2024 के लोकसभा चुनाव में सियासी जमीन क्या हिली, उन्हें दलित, कुर्मी पिछड़े सब याद आने लगे हैं। 2019 में मिर्जापुर लोकसभा सीट का चुनाव अनुप्रिया ने करीब दो लाख बत्तीस हजार वोटों के अंतर से जीता था, लेकिन 2024 में जीत का अंतर 37 हजार वोटों के करीब सिमट गया। ऐसा होते ही अनुप्रिया फिर से अपनी साख लौटाने के लिये उसी बीजेपी को घेर रही हैं जिसकी मोदी सरकार में वह और योगी सरकार में उनके पति मंत्री पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। अपनी खोई हुई जमीन फिर से हासिल करने के लिये अनुप्रिया ने ओबीसी व एससटी के लिए आरक्षित पदों पर भर्ती को लेकर जो सवाल खड़े किये वह उनके सियासी सुर्खियां बटोरने का प्रयास के अलावा कुछ नहीं है, जबकि हकीकत यह है कि इसके पीछे उनकी कुर्मी वोट बैंट के खिसकने की घबराहट को एक बड़ी वजह माना जा रहा है। सियासी गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि खुद को अपनी जाति का एकमात्र नेता मान चुकीं अनुप्रिया को इस बार लोकसभा चुनाव में कड़े संघर्ष में बमुश्किल जीत मिली थी, उससे वह काफी दबाव में हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव में उन्हें अपनी परंपरागत सीट पर अनुप्रिया को बड़ी मशक्कत और कड़े संघर्ष में जीत मिली थी, वहीं, राबर्टगंज सीट उनके हाथ से निकल गई। भाजपा ने अपना दल को दो ही सीटें दी थीं। इसके अलावा अनुप्रिया द्वारा एक दर्जन से अधिक सीटों पर कुर्मी जाति का प्रभाव होने का दावा किया जा रहा है, उनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा है। भाजपा द्वारा परिणामों की समीक्षा में यह बात सामने आने के बाद से ही अनुप्रिया एनडीए में अपनी साख बचाने को लेकर परेशान थीं और इसी लिये वह दबाव की राजनीति कर रही हैं। ये अलग बात है कि कुर्मी बहुल सीटों पर हार के बावजूद भी भाजपा नेतृत्व ने उनको न सिर्फ केंद्र में फिर से मंत्री बनाया, बल्कि उन्हें वह अहमियत भी दी है, जो पहले था। इसके बावजूद अनुप्रिया द्वारा ओबीसी–एसटी वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर भर्ती पर सवाल उठाना भाजपा के लिए हैरानी का सबब बन गया है।खैर, अनुप्रिया के इस सियासी कदम का उन्हें आगे क्या फायदा होगा, यह तो आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन इतना जरूर है कि उन्होंने इस मुद्दे को उछालकर अपनी बिरादरी पर कमजोर होती पकड़ को फिर से मजबूत करने की कोशिश की है। वहीं, दूसरी ओर से अनुप्रिया के इस कदम को दबाव की राजनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव परिणाम में कुर्मी वोट बैंक के खिसकने के बाद से ही अनुप्रिया को यह चिंता सताने लगी थी कि अगर एक बार वोट बैंक खिसका तो उसे दुबारा वापस पाना पार्टी के लिए कड़ी चुनौती होगी।इसलिए उन्होंने आरक्षित पदों पर भर्ती को लेकर सवाल उठाकर एक तरह से डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की है। हालांकि भर्ती आयोग के नियमावली के आधार पर अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने सरकार की ओर से अनुप्रिया के पत्र का जवाब भेजकर स्थिति को साफ कर दिया है।

# नये आपराधिक कानून जल्दबाजी नहीं, विस्तृत चर्चा के बाद बनाये गये हैं :शाह



नई दिल्ली, 01 जुलाई (एजेंसी) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि तीनों नये आपराधिक कानून विस्तृत चर्चा के बाद लाये गये। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को खारिज किया कि ये कानून जल्दबाजी में पारित करा कर लागू किये गये हैं।इन तीन नये आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को सोमवार से लागू कर दिया गया है। श्री शाह ने ां एक संवाददाता सम्मेलन मेंकहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहा है, जबकि नये कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हुई थी।"

गृह मंत्री ने कहा कि वह यह 'आन रिकार्ड कहना चाहते हैं कि इन तीनों नये आपराधिक कानूनों को कराने में जितनी चर्चा की गयी, उतनी चर्चा या मेहनत स्वतंत्र भारत में किसी विधेयक को पारित करने शायद ही की गयी हो।


उन्होंने कहा, " लोकसभा में चर्चा के लिये नौ घंटे से अधिक समय दिया गया और इसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया, जबकि राज्य सभा में छह घंटे से अधिक की चर्चा हुई और 40 सदस्यों ने भाग लिया। "उन्होंने विपक्ष के इस दावे को भी खारिज किया कि विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद ये विधेयक लाये गये।गृह मंत्री ने हा, " एक झूठी खबर भी फैलाई जा रही थी कि दोनों सदनों के विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद ये विधेयक लाये गये थे। "उन्होंने कहा कि इन विधेयकोंपर चर्चा का विषय कार्यमंत्रणा समिति के सामने पहले से ही थी लेकिन 14 दिसंबर से विपक्ष ने संसद का बहिष्कार करने का फैसला कर लिया था।उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में विपक्ष ने अपने कार्यों से आसन को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिये मजबूर किया।गृह मंत्री ने कहा कि यह विधेयक विभिन्न हितधारकों के सुझावों के बाद लाया गया था। उन्होंने कहा, "2020 में मैंने व्यक्तिगत रूप से सभी सांसदों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे थे। इसके लिये मैंने उच्चतम न्यायालय तथा सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को भी पत्र लिखा था। साथ ही गृह सचिव ने भी भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस) के सभी अधिकारियों जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे थे।उन्होंने कहा, " उसके बाद मैंने व्यक्तिगत रूप से उन सभी को कई बार पढ़ा और फिर यह विधेयक तैयार किया गया। " श्री शाह ने कहा कि कि संसद द्वारा विधेयक पारित करने से पहले इसे गृह मंत्रालय की समिति को भेजा गया था।

# संजय सिंह ने ऐसा क्या कहा? प्रफुल्ल पटेल बीच में टोकते हुए बोल उठे



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। राज्यसभा मेंएनसीपी (अजित पवार गुट) सांसद प्रफुल्ल पटेल ने आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। पटेल ने कहा कि संजय भैया, आप आज यहां बैठकर कांग्रेस और हमें बदनाम कर रहे हैं। इस पर स्पीकर जगदीप धनकड़ ने प्रफुल्ल पटेल को रोका और कहा कि ये बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। स्पीकर के रोकने के बावजूद प्रफुल्ल पटेल बोलते रहे। प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उन्होंने (संजय सिंह) नाम लेकर हमारी पार्टी और हमारे नेता की आलोचना की, इसलिए उन्हें जवाब देना होगा। उन्होंने यूपीए सरकार के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि 70 हजार करोड़ का सिंचाई घोटाला हुआ है तो वे उनके साथ क्यों बैठे। तब कांग्रेस के मुख्यमंत्री थे। अन्ना हजारे का जिक्र टालते हुए प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि आपने हमारे एक बुजुर्ग आदमी को बुलाया और हमारे नेताओं के खिलाफ मानहानि का आंदोलन चलाया। तब यूपीए की सरकार थी। इस पर संजय सिंह ने कुछ कहा। प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि आपने इंडिया अगेंस्ट करप्शन क्यों शुरू किया? क्या आपने क्लीन चिट दे दी?

# संसद में राहुल गांधी का रौद्ररुप, भाजपा का आरोप राहुल ने हिन्दू धर्म का अपमान किया



मोहम्मद इरफान

लखनऊ। भाजपा को लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला, जिससे साफ हो गया था कि इस बार संसद में उनकी राह आसान नहीं होने वाली। एक जुलाई को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जिस तरह से बीजेपी पर हमला बोला है, सभी भौचक्के रह गए। राहुल गांधी ने कुरआन की आयात पढ़ते हुए बताया कि इस्लाम में भी कहा गया है कि डरना नहीं है। जब इस्लाम में दोनों हाथों से दुआ मांगी जाती है तो इसमें अभय मुद्रा दिखाई देती है। उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि शिव जी कहते हैं डरो मत, डराओ मत। वह भी अभय मुद्रा दिखाते हैं, लेकिन जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो हर वक्त हिंसा हिंसा हिंसा करते हैं। राहुल गांधी का इतना कहना था कि सदन में जोरदार हंगामा भाजपा नेताओं ने कर दिया। बीजेपी वालों का कहना है कि राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज का अपमान किया है। राहुल गांधी ने आगे कहा, हिंदू धर्म में साफ लिखा है सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से नहीं डरना चाहिए, सत्य हमारा प्रतीक है। राहुल गांधी ने गुरुनानक जी की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि वाहेगुरुजी फतेह और वाहेगुरुजी दा खालसा। गुरुनानक जी भी कहते हैं कि डरो मत, उन्होंने सत्य और अहिंसा की बात कही है। ईसा मसीह की तस्वीर में भी आपको अभय मुद्रा दिखाई देगी। ईसा मसीह का संदेश है कि अगर कोई आपको थप्पड़ मारता है तो अगला गाल भी आगे कर दो। नेता प्रतिपक्ष ने भगवान बुद्ध और महावीर की तस्वीरों को दिखाते हुए कहा कि इन सभी लोगों ने कहा कि डरो मत और डराओ मत। 18 वीं लोकसभा चुनावी नतीजे के बाद से ही तस्वीर साफ हो गई थी कि राहुल गांधी बीजेपी को घेरने का कोई भी मौका जाने नहीं देंगे। आज उसी की एक बानगी संसद भवन में देखने को मिली। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं।

इस दौरान सदन में काफी ज्यादा हंगामा मच गया। बीजेपी समेत एनडीए के सभी सांसद खड़े होकर हल्ला मचाने लगे। राहुल गांधी के हिंदू धर्म पर दिए गए बयान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खड़े होकर कहा कि विषय बहुत गंभीर है, पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना यह गंभीर विषय है। इतना सुनते ही फौरन राहुल गांधी ने खड़े होकर कहा कि नहीं, नहीं, नहीं! नरेंद्र मोदी जी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं, बीजेपी पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। यह बीजेपी का ठेका नहीं है। देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा राहुल गांधी से कैसे मुकाबला करती है। हालांकि उनके बयान के बाद गृह मंत्री अमित शाह समेत दूसरे बीजेपी नेताओं ने राहुल गांधी पर हिंदू धर्म का अपमान करने की बात कर राहुल गांधी को घेरने की पूरी कोशिश की है।

# मायावती ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की दी बधाई, परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिले यादव को यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। मायातवी ने ट्वीट कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके लम्बी उम्र की शुभकामनायें। उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद। वहीं सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधारोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''सोमवार से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पौधारोपणश कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के हर गांव में किया जा रहा है जिसके तहत बरगद, पीपल और नीम के पौधे पीडीए वृक्ष के रूप में लगाए जाएंगे। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया। यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को हुआ था। चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में 'पीडीए पौधारोपण अभियान को देशव्यापी आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समुदायों के मतदाताओं को लुभाने के लिए पीडीए का नारा दिया था। सपा ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीट जीती थीं।

# जिलहिज्जा और मुहर्रम दोनों महीना हमें कुर्बानी का जज्बा दिलाता है : आफाक

लखनऊ । राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने अपने बयान में कहा कि मुहर्रम उल हराम का महीना बहुत जल्द आने वाला है। इतिहास गवाह है कि जिलहिज्जा बलिदान के साथ पूरा हुआ और मुहर्रम का महीना बलिदान के साथ शुरू हुआ। आगे उपस्थित विद्वानों के संरक्षण में मुहम्मद आफाक ने कहा कि मुहर्रम का महीना इस्लाम की यादों को ताजा करता है, लेकिन मुहर्रम की पहली तारीख से ही कुछ लोगों में शिया–सुन्नी के नाम पर फूट डाल दी जाती है और नफरत का माहौल पैदा किया जाता है। क्या इस्लाम का इतिहास केवल पहली मुहर्रम से लेकर 12वीं रबी उल–अव्वल तक ही है? जबकि रसूल स०, सहाबा र० और अहल–ए–बैत की शिक्षाएं और बातें व्यक्ति के जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु तक होनी चाहिए, जब कि केवल तीन माह तक सीमित रहती है। सैय्यद आरिफ मियां नक्शबंदी अशरफी कादरी और शिया उलमा ए, हिन्द के सचिव सैय्यद मौलाना अली हुसैन कुमी रिजवी ने संयुक्त रूप से कहा कि आपकी बात बिल्कुल सही है, लेकिन वह कौन है जो पैगंबर स० और अहल ए बैत के उपदेश मिम्बर पढ़ता है। इस्लामिक नववर्ष के दौरान सदस्यों से खूब बायान भी की जाती है। हम इस बात से कैसे इनकार करते हैं कि यह महीना जंग के दौर में चल रहा था और शहादत का सिलसिला 1 मुहर्रम से लेकर 10 मुहर्रम तक चलता रहा और इमाम हुसैन की शहादत के साथ खत्म हुआ। हम इसी लिए 72 शहदियों का चेहलम दिवस एक साथ मनाते हैं और लोग अपने–अपने तरीके से जो भी विवाद की बात करते हैं वह गलत है। हमें अपने काम पर ध्यान देना चाहिए. और मुहर्रम जैसे पवित्र दिनों में गरीबों और कमजोरों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम ने कराया रिक्शा चालक का ऑपरेशन

लखनऊ । ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ ने एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रिक्शा चालक का लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में ऑपरेशन कराया। बताते चलें कि बृजेश कुमार निवासी दासापुरवा गाँव थाना मानपुर जिला सीतापुर अपने परिवार के भरण पोषण हेतु लखनऊ में रिक्शा चलाता है। गत दिवस उस को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिस से वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दुर्घटना में उस का हाथ बुरी तरह से टूट गया था। जिस का तत्काल ऑपरेशन होना था ऐसे में ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम के चौधरी शफीक ने उस को घायलवस्था में बलरामपुर अस्पताल पहुँचाया जहाँ उस के हाथ का डॉ0 अजय यादव ऑर्थोपेडिक सर्जन ने सफल ऑपरेशन किया इस में तकरीबन 8000–रु का खर्च आया जो ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम ने वहन किया। इस दौरान अस्पताल के अधीक्षक और निदेशक डॉ0 पवन कुमार अरुण , डॉ0 ऐन0 बी0 सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 हिमांशु चतुर्वेदी चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व डायरेक्टर डॉ0 राजीव लोचन मौजूद रहे। सभी ने ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम के इस कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य सिर्फ मानवता में सच्ची आस्था रखने वाले लोग ही कर सकते हैं। इस संस्था के कार्यों की जितनी भी सराहना करिये उतना कम है।

# नाका के होटल में प्रेमी युगल ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

लखनऊ । एक साथ जीने और मरने की कसमें खाने वाले प्रेमी युगल ने एक होटल के कमरे में



प्यार को अंजाम तक ना पहुंचता देख एक साथ एक ही समय में और एक ही रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों का शव होटल के कमरे में फंदे से लटकता मिला। अपने प्रेम को परवान चढ़ता हुआ ना पाकर दोनों ने मौत को गले लगा लिया। फिलहाल, पुलिस ने प्रेमी–युगल की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम हाउस के भेज दिया है। वहीं,पुलिस होटल प्रबंधक से भी पूछताछ करने में जुटी है। एसीपी कैसरबाग रत्नेश सिंह के मुताबिक, मूलरुप से बहराइच जनपद निवासी मुन्ना (19) रविवार रात जौनपुर जनपद निवासी प्रेमिका निकिता (19) के साथ नाका हिंडोला थाना अंतर्गत मिनी होटल में ठहराने पहुंचा था। जहां कमरा बुक करने के बाद दोनों रुम में चले गए। सोमवार सुबह होटलकर्मियों ने कमरे की साफ–सफाई के दरवाजा खटखटाया लेकिन भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। काफी प्रयास के बाद कमरा नहीं खुला, तो होटल प्रबन्धक ने किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो प्रेमी युगल का शव फंदे से लटकता मिला। दोनों को फंदे से लटकता देख पुलिसकर्मियों के भी होश उड़ गए। एसीपी ने बताया कि प्रेमी–युगल के पास मिले कागजात से उनकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टिया में यह बात सामने आई कि प्रेमी–युगल लखनऊ में घुमने आए थे। जिसके बाद दोनों ने नाका हिंडोला थाना अंतर्गत मिनी महल होटल में कमरा बुक पर रात्रि में ठहराव किया था। जहां देर रात दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। प्रेमी–युगल के आत्मघाती कदम उठाए जाने बाद होटल के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। दोनों की दुख अंत सुनकर लोग तरह–तरह की चर्चा करते रहे। लोग यह भी कहते दिखाई पड़े कि शायद दोनों के परिजन उनके प्यार को समझ पाते, तो शायद आज दोनों जिंदा होते। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होटल प्रबंधक से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत कारण स्पष्ट होगा।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी, हर विधानसभा में लगाई मंत्रियों की ड्यूटी

लखनऊ । लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव का सियासी रंग चढ़ने लगा है। दरअसल, 10 सीटों पर जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए संगठन ने विधानसभा वार मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। कटेहरी विधान सभा सीट पर स्वतंत्र देव सिंह और आशीष पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि शीशामऊ विधान सभा सीट पर सुरेश खन्ना को पार्टी ने प्रचार के लिए लगाया है। वहीं मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सूर्य प्रताप शाही, करहल विधानसभा सीट पर जयवीर सिंह, फूलपुर सीट पर राकेश मझवां सीट पर अनिल राजभर, गाजियाबाद सीट पर सुनील शर्मा, मीरापुर विधानसभा सीट पर अनिल कुमार को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है। जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 5 सीटें जीती थी जबकि तीन सीटें बीजेपी और एक सीट उसके सहयोगी दलों– निषाद पार्टी और आरएलडी ने जीती थी। आपा को बता दें कि 10 में से 9 सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने की वजह से जबकि एक सीट सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी को अयोग्य ठहराए जाने की वजह से खाली हुई है।लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद इन 10 सीटों पर होना है। राज्य में सरकार चला रही भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए और समाजवादी पार्टी की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन उपचुनाव को लेकर अपनी–अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान नहीं किया है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में बीजेपी को 33 सीटों पर जीत मिली है जबकि उसकी सहयोगी आरएलडी ने दो और अपना दल (सोनेलाल) ने एक सीट जीती है। समाजवादी पार्टी ने 37 और इंडिया गठबंधन में ही शामिल कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत हासिल की है। इस उपचुनाव में बीजेपी के सहयोगी दल और कांग्रेस भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

# कई आईएएस अफसरों का तबादला

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश में आज कई अफसरों के तबादले हुए हैं। आईएएस अनिल कुमार सिंह को महाराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी बनाए गए हैं। वह अभी तक लखीमपुर खीरी में सीडीओ थे। आईएएस हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज नियुक्त किया गया है।आईएएस संतोष कुमार को सहारनपुर विकास प्राधिकरण का वीसी नियुक्त किया गया है। वह अभी तक महाराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी थे।2012 बैच के आईएएस टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव एपीसी शाखा नियुक्त किया गया है। 2017 बैच के आईएएस एकता सिंह को अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान नियुक्त किया गया है। वह अभी तक अपर आयुक्त बैंकिंग कॉपरेटिव सोसाइटी के पद पर कार्यरत थी।

# नए कानून के तहत अमरोहा जिले में दर्ज की गई पहली एफआईआर

लखनऊ। भारतीय दंड संहिता की जगह सोमवार से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत उत्तर प्रदेश की पहली




प्राथमिकी अमरोहा जिले के रेहरा थाने में दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है। अमरोहा जिले का रेहरा थाना उत्तर प्रदेश में नए भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज करने वाला राज्य का पहला पुलिस थाना बन गया है। बीएनएस के तहत राजवीर उर्फ राजू और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ धारा 106 (लापरवाही से मौत) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदेश पुलिस ने बताया कि अमरोहा के रेहरा थाना क्षेत्र स्थित ढकिया गांव निवासी संजय सिंह ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके खेत में बिजली का तार बिछा दिया था। इसमें कहा गया कि उनके पिता जगपाल जब सुबह करीब साढ़े 6 बजे अपने खेत गए तो उन्हें करंट लग गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# शाहीन एकेडमी लखनऊ के छात्रों ने संस्था का राम रौशन किया : डा0 अब्दुल कदीर

## इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया में डाक्टरर्स डे के अवसर पर स्वागत समारोह का आयोजन

लखनऊ । इस्लामिक सेन्ट ऑफ इण्डिया के अर्न्तगत शाहीन एकेडमी लखनऊ में नीट में कामयाब छात्रों और डाक्टर्स डे के अवसर पर डाक्टरों को सम्मानित किया गया। शाहीन ग्रुप के चेयरमैन डा0 अब्दुल कदीर और एकेडमी के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के हाथों नीट में कामयाब होने वाले छात्र व छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसले को बढ़ाया गया। 1991 से अपने देश में पहली जुलाई को नेशनल डाक्टर्ज डे का आयोजन होता है। इस अवसर पर अपोलो हास्पिटल के प्रख्यात डा0 वली उल्लाह सिद्दीक़ी और काइंड हास्पिटल के डायरक्टर शारिक हबीब को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाहीन एकेडमी लखनऊ के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने उद्घाटनीय सम्बोधन में कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य उचित शिक्षा के साथ साथ उच्च तरबियत को यकीनी बनाना है। खुदा पाक के आखिरी पैगम्बर मुहम्मद साहब को दुनिया में इल्म और अख़लाक़ की शिक्षा ही के लिए भेजा गया था। उन्होने कहा कि शिक्षा ही वह एक मार्ग है जिससे हम अपनी नयी पीढ़ी की दुनिया व ईमान की सुरक्षा के साथ साथ दुनियावी कामयाबी को यकीनी बना सकते है। उन्होने कहा कि तीन साल के समय में हमारी संस्था ने उल्लेखनीय कामयाबी प्राप्त की है जिसका सुबूत यह है कि हमारे सेन्टर से कई बच्चों ने नीट की परीक्षा में कामयाबी प्राप्त की है। शिफा शमीम 705 नम्बर, बुशरा शमीम 695 नम्बर, हबीबा तस्नीम ने 662 नम्बर, वरीशा ने 660 नम्बर, अब्दुल्लाह नसीम ने 683 नम्बर, मो0 अहमद ने 678 नम्बर, मो0 सादिक शेख ने 673 नम्बर, अरबाज खान ने 630 नम्बर और मो0 यूनुस ने 626 नम्बर हासिल किये। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा0 अब्दुल कदीर ने शाहीन एकेडमी लखनऊ की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने देश में अपने अधिकार प्राप्त करना और कामयाबी की मंजिलें तय करने का एक ही रास्ता है वह यह है कि हम अपने बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा दिलायें और विभिन्न परीक्षाओं में पूरी तैय्यारी के साथ परीक्षा दिलवायें। उन्होने कहा कि पिछले 35 सालों की महनतों के बाद हम ने एक ऐसा शैक्षिक माडल बनाया है जिसके अनुसार अरग बच्चे को तालीम दी जाती है और तैय्यारी करायी जाती है तो कोई वजह नही कि वह नीट और आई0आई0टी0 और जे0ई0ई0 में कामयाब न हों। प्रख्यात डा0 वली उल्लाह सिद्दीक़ी ने बच्चों को नसीहत करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ साथ बच्चों को कुछ समय खुदा पाक की याद में भी लगाना चाहिए जिससे बच्चों को जहनी और दिली सुकून प्राप्त होगा और बच्चे पूरे सूकून के साथ शिक्षा हासिल कर सकेंगे। मौलाना मुस्तफा नदवी डायरक्टर दारूल कुरान शहीन लखनऊ ने कहा कि शाहीन का सबसे बड़ा कार्यनामा यह है कि इसमें नई शिक्षा के साथ मदरसे के बच्चों के लिए भी शिक्षा की राहें खुली हैं जिसकी बड़ा उदाहरण यह है कि गत सालों की तरह इस साल भी 20 हाफिजों का नीट में चयन हुआ। प्रख्यात सामाजी कार्यकर्ता एवं कौमी निस्वॉ इंटर कालेज सुलतान पुर के डायरटर मुईद अहमद और आइशा डिग्री कालेज जौनपुर के डायरक्टर डा0 अब्दुल वहीन ने अपने तजुर्बो की बुनियाद पर बच्चों को मुफीद सुझाव दिये। प्रोग्राम का संचालन मोहतरमा आरिफा कुरैशी और मेहमानों का शुक्रिया डा0फैज वारसी ने किया और जलसे का आरम्भ कारी कमरूद्दीन की तिलावत कुरान पाक से हुआ। इस अवसर पर डा0 सुलतान शाकिर हाश्मी, कलाम खॉ, डा0 मो0 अजीज खॉ, ख्वाजा मिस्बाहुद्दीन, शेख राशिद अली मीनाई, हाजी मुशर्रफ हुसैन, मौलाना मो0 मुश्ताक़, मौलाना मो0 सुफयान, अय्यूब सिद्दीक़ी, सै0 मो0 हसीन, मौलाना नजीबुल हसन मलमली, यामीन खॉ एडवोकेट और बड़ी संख्या में अध्यापक और बच्चों के माता पिता शरीक हुए।

# एटलस भारतीय मत्स्य प्रजातियों सुलभ डाटाबेस

लखनऊ । एनबीएफजीआर और जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया जेडएसआई द्वारा तैयार पुस्तक ष्बारकोड एटलस ऑफ इंडियन फिशष का विमोचन केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कोलकाता में जेडएसआई के 109वें स्थापना दिवस समारोह और पशु वर्गीकरण शिखर सम्मेलन में किया। पुस्तक डीएनए बारकोडिंग तकनीकों का उपयोग कर भारतीयउपमहाद्वीप में पाई जाने वाली मत्स्य प्रजातियों की विशाल विविधता का दस्तावेजीकरण व कैटलोगिंग करने के लिए आईसीएआर–एनबीएफजीआर, लखनऊ और जेडएसआई, कोलकाता का एक संयुक्त प्रयास है। उद्देश्य मत्स्य जैव विविधता और संरक्षण में संलग्न शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और संरक्षणवादियों के लिए व्यापक संदर्भ प्रदान करना है। एटलस भारतीय मत्स्य प्रजातियों का वैज्ञानिक रूप से सटीक और सुलभ डेटाबेस है, जिसमें आईयूसीएन श्रेणियों के अनुसार उनके वैज्ञानिक, सामान्य और स्थानीय भाषा के नाम, क्रम, परिवार, आवास, वितरण, आर्थिक महत्व और संरक्षण की स्थिति शामिल है। एटलस की प्रमुख विशेषता प्रत्येक प्रजाति के लिए डीएनए बारकोड जानकारी है। डीएनए बारकोडिंग प्रत्येक प्रजाति के लिए अद्वितीय आनुवंशिक पहचान प्रदान करने के लिए एक मानकीकृत जीनोम क्षेत्र से एक छोटे आनुवंशिक अनुक्रम का उपयोग करता है। खासकर उन मामलों में जहां रूपात्मक अंतर सूक्ष्म होते हैं या प्रसंस्कृत मत्स्य उत्पादों की शुद्धता जांचने में प्रजाति की पहचान की सटीकता को बढ़ाता है। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण महानिदेशक तथा वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव जितेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव एमओईएफसीसी, नमिता प्रसाद, निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, डॉ.एए माओ, निदेशक, भाकृअनुप–एनबीएफजीआर, लखनऊ, डॉ. उत्तम कुमार सरकार निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण तथा देश के अनेक वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता और शिक्षाविद उपस्थित थे।

# नए कानूनों के खिलाफ कल आजाद अधिकार सेना करेगी विरोध प्रदर्शन

लखनऊ, । आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आज कहा कि उनकी पार्टी नए पारित तीन दांडिककानूनों के खिलाफ 03 जुलाई को प्रत्येक जिला मुख्यालयो पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन देगी। उन्होंने कहा कि जो तीन नए कानून लाए गए हैं, उन्हे देखने से स्पष्ट है कि उनका उद्देश्य भारत की न्याय व्यवस्था को सुधारना नहीं बल्कि अपने राजनीतिक एजेंडा को पूरा करना तथा लोगों के अभिव्यक्त की आजादी को कम करना है। इन कानून में कहीं ऐसी कोई बात नहीं दिखती जिससे न्याय की प्रक्रिया तीव्र हो बल्कि अपने विरोधियों को फंसाने का स्कोप अधिक दिखता है। उनकी पार्टी 3 जुलाई को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति की ज्ञापन देगी।

# बाढ़ की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा, दिए निर्देश

लखनऊ । लखनऊ में बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार पहुंचे गोमती बैराज, लिया व्यवस्थाओं का जायजा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व राकेश सिंह, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य अधिकारी रहे उपस्थित। जन सामान्य को बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या से बचाने के लिए नगर निगम और सिंचाई विभाग को ड्रेनेज मेकेनिज्म प्लान डेवलप करने के दिए निर्देश।

# डाक्टर्स डे के अवसर पर डाक्टरों को सम्मानित किया गया

लखनऊ । इस्लामिक सेन्ट ऑफ इण्डिया में आज डाक्टर्स डे के अवसर पर डाक्टरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि डाक्टर्स मानवता की बड़े पैमाने पर खिदमत अंजाम दे रहे हैं और विशेषकर कोरोना के दौर में जिस तरह से बहुत बड़ी संख्या में डाक्टरों ने अपनी जान पर खेल कर कोरोना के रोगियों का इलाज किया वह अपने आप में एक बड़ा उदाहरण है। उन्होने कहा कि 1991 से अपने दश में पहली जुलाई को ''नेशनल डाक्टर्स डे'' का आयोजन होता है। इस अवसर पर अपोलो हास्पिटल के प्रख्यात डा0 वली उल्लाह सिद्दीक़ी और काइंड हास्पिटल के डायरक्टर शारिक हबीब को शाहीन ग्रुप आफ इंसीटियूशनस के चेयरमैन डा0 अब्दुल कदीर और मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के हाथों से सम्मानित किया गया।

# सक्षिप्त खबरें.......

## चार स्थानों पर निःशुल्क योग कक्षाओं का महापौर ने किया उद्घाटन

अयोध्या(एजेंसी)। रामनगरी में चार स्थानों पर निःशुल्क योग कक्षाओं का उद्घाटन महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया। इसके लिए नगर निगम तथा कवच ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध योग दिवस पर किया गया था। सूर्यकुंड, गुप्तारघाट तथा शबरी रसोई, अरुंधति भवन में प्रातः 6 बजे से 7 तक नियमित योग की कक्षाएं निशुल्क चलाई जाएगी।इस दौरान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। नगर निगम तथा कवच संस्था के संयुक्त प्रयास से नगर निगम क्षेत्र में चार स्थानों पर निःशुल्क योग शिविर चलेंगे। लोगों का जीवन स्वस्थ्य निरोगी रहे इस उद्देश्य को लेकर शिविर संचालित किए जा रहे है। योग से जुड़ाव हमें हमारी संस्कृति से जोडेघ्गा। योगाचार्य सीमा तिवारी, सरिता तिवारी, गीता गुप्ता, राजपाल, राम सुफल, सौरभ गुप्ता, प्रीति निषाद द्वारा लोगो को योग सिखाया जाएगा। इस दौरान दर्शन नगर के पार्षद मनीष चौधरी, रवि तिवारी, सत्येंद्र मिश्र, राजेश श्रीवास्तव, श्री निवास शास्त्री, अवधेश, ममता श्रीवास्तव, सुनील अवस्थी,रमेश राणा, दीपक चौधरी, डॉ विशाल सैनी, हर्षित सिंह, अनुराग यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक सप्ताह के लिये टला विहिप का चक्का जाम कार्यक्रम

सोहावल– अयोध्या(एजेंसी)। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव बभनियावां में सड़क के किनारे स्थित ईदगाह की भूमि को लेकर उठे विवाद का मामला एक सप्ताह के लिए टल गया है। इसे सड़क का हिस्सा बताकर हटवाने के लिए बिहिप और बजरंग दल ने आंदोलन छेड़कर रविवार को चक्का जाम करने की तहसील प्रशासन को धमकी दी थी। विहिप इस धर्म स्थल को हो रहे सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बता रही है। बिहिप की इस मांग भरे ज्ञापन को लेकर शनिवार को तहसील मुख्यालय पर एक उच्च अधिकारियों की बैठक उप–जिलाधिकारी कार्यालय में बुलाई गई थी। बैठक में एस डी एम अशोक कुमार सैनी, प्रशिक्षु आई पी एस अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार विनोद चौधरी,नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा,प्रभारी निरीक्षक रौनाही पंकज सिंह, क्षेत्रीय राजस्व कर्मी मौजूद रहे। मामले के सकारात्मक हल के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। जिससे पैमाइश और निशान देही आदि से भूमि की स्थिति का आंकलन कर कार्रवाई तय की जा सके।मालूम हो कि यह यह धर्म स्थल रौनाही पड़ाव से ड्योढ़ी बाजार तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण के ही किनारे स्थित है। पहले भी समाधान दिवस में इसे लेकर शिकायतें आती रही है। लालजी शर्मा जिला मंत्री अयोध्या ने कहाकि प्रशासन ने हमारी समस्या को समझा है। उच्च स्तरीय बैठक में हर पहलू पर विचार हुआ है। समाधान के लिए एक सप्ताह का समय लिया है। इसलिए चक्का जाम करने की योजना को आज टाल दिया गया है।

## 42 घटे से बत्ती गुल, उपभोक्ताओं में मचा त्राहिमाम

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)।विद्युत उपकेंद्र शाहगंज से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं के यहां बीते 42 घंटे से बत्ती गुल होने से त्राहिमाम मचा हुआ है। क्षेत्र के बारुन बाजार,मेहदौना,सारी,रजऊपुर, टकसरा,डोभियारा, मठिया,पलिया,शाहगंज,मुकीमपुर समेत दर्जनों गांवों के लोग भीषण गर्मी में बिलबिला रहे हैं।लंबे समय से विद्युत आपूर्ति न होने के कारण लोगों के घरों का इनवर्टर डिस्चार्ज हो गया है तथा लोगों की मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गई है।लोग उमस भरी गर्मी में विद्युत विभाग को कोसते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार–शनिवार की मध्य रात को आई आंधी बारिश के बाद विद्युत व्यवस्था में फाल्ट आ गया जिसे रविवार शाम 5:30 बजे तक सुधारा नहीं जा सका।अवर अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान क्षेत्र के कई विद्युत खंभों व तारों पर आकाशीय बिजली गिरने से बड़ी संख्या में इंसुलेटर खराब हो गया है। जिसे युद्ध स्तर पर बदलवाया जा रहा है,फाल्ट सही करने के लिए विभाग की कई टीमें कार्य कर रही हैं

# कृषि विवि प्रशासन ने छात्रों का निष्कासन लिया वापस

## -अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तेवर देख




मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आठ छात्र–छात्राओं के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई दंडात्मक कार्यवाही को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आंदोलन के आगे आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन को मुंह की खानी पड़ गई है। नाराज एवं आक्रोशित छात्रों के तेवर देख विश्वविद्यालय प्रशासन ने आखिरकार यू टर्न ले लिया है। जिसके क्रम में छात्रों के विरुद्ध विश्वविद्यालय एवं छात्रावास से निष्कासन सहित अन्य कार्यवाही को समाप्त करते हुए उन्हें चेतावनी देकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने समूचे प्रकरण पर विराम लगा दिया गया है। बता दें कि बीते 13 मई को एमएससी तृतीय वर्ष के छात्र यशपाल सिंह यादव का शव सरयू छात्रावास स्थित उसके कमरे में छत से लटका मिला था। इसके बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर व छात्र के गाइड डॉ विशुद्धानंद के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय में जमकर प्रदर्शन किया था। छात्रों के प्रदर्शन से खार खाए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आठ छात्र छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें छात्रावास सहित विश्वविद्यालय से निष्कासित किए जाने का आदेश दे दिया था। इसके बाद छात्र–छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया था। कार्यवाही के शिकार छात्र–छात्राओं के समर्थन में एबीवीपी संगठन उतर आया था, और कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी के उद्घाटन में पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के समक्ष जमकर हंगामा काटा था। उधर दो दिन पूर्व एबीवीपी के प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर छात्रों के विरुद्ध की गई कार्यवाही वापस न लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दे दी थी। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने बीते 29 जून को शाम 4:00 बजे विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद की आपात बैठक बुला ली थी। बैठक में कार्यवाही की जद में आए 7 छात्र छात्राओं विकास चौधरी, अश्वनी वर्मा, पंकज यादव, हर्षवर्धन सिंह, कामरान आजम, कु रंजना एवं कु सिदरा किदवई को भविष्य में पुनरावृत्ति न किए जाने की कड़ी चेतावनी दी गई है। जबकि विश्वविद्यालय से निष्कासित किए गए छात्र ऋषभ मिश्रा को शिक्षण सत्र 2024 – 25 के प्रथम सेमेस्टर के लिए छात्रावास से निष्कासित किया गया है। शेष शिक्षा अवधि में कंडक्ट प्रोवेशन पर रखे जाने का आदेश देते हुए उन्हें भी कड़ी चेतावनी दी गई है। वही अब विश्वविद्यालय प्रशासन की फजीहतों को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि काश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मामले का संज्ञान लेकर आक्रोशित छात्र–छात्राओं से वार्ता कर उन्हें समझाया बुझाया होता तो मामला तूल न पकड़ता और विश्वविद्यालय प्रशासन की किरकिरी न होती।

## युवाओं ने कैंसर मरीजों के लिये किया एसडीपी दान

मीरजापुर(एजेंसी)। टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी में भर्ती मरीजों के लिए विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने एसडीपी प्लेटलेट्स दान किया है। गौरतलब हो कि टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी में भर्ती मरीजों के लिए एसडीपी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स जो एक मरीज को उसके इलाज के दौरान लगभग 25 से 30 यूनिट की जरूरत पड़ती है। की पूर्ति के लिए निरंतर जिले के युवाओं द्वारा प्रदान किया जाता रहा है। रविवार को विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने भी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एसडीपी दान किया है। बताते चलें कि हर 15 दिन में एक स्वस्थ व्यक्ति एसडीपी दान कर सकता है। एसडीपी दान करने वाले वालों में कृष्णानन्द हैहयवंशी, हिमांशु कसेरा, आदित्य चौरसिया, हर्षित वर्मा, मोहित कसेरा रहे। इस मौके पर शिवा वर्मा, स्वतंत्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

## मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव को लेकर सक्रिय हुई बसपा

### -विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक



अयोध्या(एजेंसी)। विधानसभा मिल्कीपुर क्षेत्र के सिद्धनाथ मंदिर के पास बहुजन समाज पार्टी विधानसभा यूनिट मिल्कीपुर के द्वारा मिल्कीपुर में आगामी उपचुनाव को देखते हुए विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत डॉ भीमराव अंबेडकर व बसपा संस्थापक कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा जो लोग आज संविधान बचाने की बात करते हैं वही सबसे ज्यादा नुकसान संविधान को पहुंचाने का काम भी किए हैं। उन्होंने कहा कि एससी, ओबीसी, एसटी के आरक्षण को सबसे ज्यादा किसी ने नुकसान पहुंचाया है तो वह सपा व कांग्रेस ही है। कांग्रेस और सपा आरक्षण को बचाने की बात करते हैं बहन जी की सरकार में जब कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ तो उनका डिमोशन करके समाजवादी पार्टी ने संविधान का उल्लंघन किया। यह वही कांग्रेस है जिसने बाबा भीमराव अंबेडकर को संविधान सभा में जाने से रोकने के लिए हर हथकंडे अपनाये थे। बैठक को संबोधित करते हुए आगे उन्होंने कहा की इंडिया गठबंधन के चुनाव संयोजक मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर चुनाव लड़ा लेकिन उनके साथ धोखा किया और उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नहीं दिया, ऐसे ही हम लोगों के साथ धोखा हो रहा है और संविधान बचाने की आड़ में हमारे लोगों को बरगला रहे हैं, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का वोट एक मुश्त गया इसके अलावा इसमें एक सीट नगीना पर गया इसमें कहीं ना कहीं बहुत बड़ी साजिश है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि गांव में जाकर अपने लोगों को समझाएं कि संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता।बैठक को संबोधित करते हुए बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर ने कहा कि मिल्कीपुर में उपचुनाव हो रहा है रिजल्ट लाकर यदि आप दे दिए तो 27 में आपको कोई सरकार बनाने से रोक नहीं सकता।अगर हम, आप पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं तो कोई एहसान नहीं कर रहे हैं बल्कि पार्टी की वजह से हम और आप जाने जाते हैं। कांशीराम कहते थे कि आप वास्तविक शासक हैं और आप शासक बनना सीखे किसी का पिछलग्गू नहीं। आप लोग एक वोट की कीमत जाने, एक वोट से ही सरकार बनती है और एक वोट से ही सरकार गिरती भी है। आगे उन्होंने कहा कि 2007 में मिल्कीपुर जीते थे और 2024 में फिर जीतेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधान परिषद सदस्य अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर इंचार्ज डॉ विजय प्रताप ने कहा हमारी लड़ाई शातिर लोगों से है, यह लड़ाई हम तभी लड़ सकते हैं जब टीम मजबूत होगी। आरएसएस ,बीजेपी को खतरा सपा से नहीं सिर्फ बसपा से है इसलिए आप लोग गांव में जाएं और अपने लोगों को समझाएं कि बसपा आज भी खड़ी है और हमेशा आपके लिए खड़ी रहेगी। इस बैठक को पूर्व बसपा प्रत्याशी रामगोपाल कोरी,रोशन लाल त्यागी, कृष्ण कुमार, राम जियावान ,हृदय राम यादव, महेंद्र प्रताप आनंद, कृष्ण कुमार पासी, मुन्नालाल मास्टर, सहित दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बसपा विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर अमरनाथ शर्मा ने किया। इस दौरान दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ पर लटका मिला महिला का शव



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित जोरियम गांव में भूमि के विवाद को लेकर हुई तू तू मैं मैं और तकरार के के बाद 58 वर्षीय महिला का शव उसके घर के ही सामने रास्ते में स्थित नीम के पेड़ से साड़ी के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटका पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना की गहन छानबीन की और महिला का शव फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। उधर दूसरी ओर महिला के परिजनों ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप दिए जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव के किशन सिंह और सूर्य नारायण सिंह के बीच रास्ते की भूमि पर अवैध कबजेदारी को लेकर विगत चार माह से विवाद चल रहा था। जिसमें कुमारगंज पुलिस दोनों पक्षों का शांति भंग में कार्यवाही भी किया था,बीते शनिवार को कुमारगंज पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था जहां दोनों पक्षों के पारिवारिक जन मौके पर गए थे और सूर्य नारायण सिंह की पत्नी जमुना सिंह को 9.6 फीट जमीन दिलाते हुए दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। दोनों पक्ष थाने से अपने घर वापस लौट गए थे जहां गांव में रात करीब 11:00 बजे तक दोनों पक्षों में जमकर विवाद और गाली गलौज होता रहा। इसके बाद दोनों पक्ष अपने–अपने घरों को चले गए थे। रविवार की भोर में महिला जमुना सिंह के पति सूर्य नारायण सिंह ने देखा कि उनकी पत्नी नीम के पेड़ की डाल से साड़ी के सारे लटकी हुई है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी पाकर प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह चौकी प्रभारी एनडीए अरविंद पटेल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर गहन छानबीन की और महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुमारगंज पुलिस की लापरवाही के चलते उनकी पत्नी की हत्या हुई है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह का कहना है कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है। फिलहाल महिला की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सपा सुप्रीमों से मिले पूर्व विधायक जिर्तेन्द्र सिंह बब्लू

### -जनपद में चढ़ा सियासी पारा, सपा में शामिल होने की संभावना



अयोध्या(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा बीकापुर के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बब्लू की मुलाकात राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से कराए जाने के बाद जनपद का सियासी पारा भी चढ़ गया है। सांसद द्वारा कराई गई मुलाकात को मिल्कीपुर उप चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।संभावना जताई जा रही है कि पूर्व विधायक जितेन्द्र सिंह बब्लू शीघ्र ही सपा में शामिल भी हो सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे गोसाईगंज विधायक अभय सिंह की काट भी माना जा रहा है। इसके पीछे क्षत्रियों को सहेजने की समाजवादी पार्टी की रणनीति भी बताया जा रहा है।

बताते चलें कि सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने बीकापुर के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बब्लू को अपने साथ लेकर लखनऊ गए और सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव से मुलाकात कराई। सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की फोटो और जानकारी वायरल होने के बाद से यहां गोसाईगंज ही नहीं जिले का सियासी पारा भी चढ़ गया है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने यह पैतरा तब आजमाया है जब शीघ्र ही मिल्कीपुर में उप चुनाव होने वाले हैं और प्रत्याशी के रुप में उनके पुत्र की काफी चर्चा भी है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव में भी अंदरखाने पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में रहे। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी को अच्छे खासे मत मिले थे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से पूर्व विधायक की यह मुलाकात भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी बड़ा प्रभाव डाल सकती है। बताया जाता है कि जिसके चलते राजनैतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है। पूर्व विधायक के सपा में शामिल होने की संभावना भी बन रही है। यदि ऐसा होता है तो गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से उन्हें विधानसभा का टिकट मिल सकता है। फिलहाल रविवार को राजनीतिक गलियारों में यह मुलाकात चर्चा का विषय बनी रहीं। पार्टी के लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में दलित, पिछड़े और मुसलमानों का समर्थन जुटाने के बाद अब समाजवादी पार्टी की निगाहें क्षत्रिय वोट बैंक पर लगीं हुईं हैं।

बता दें कि गोसाईगंज से सपा विधायक अभय सिंह ने राज्य सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। जिसके बाद से ही उन्होंने पार्टी से किनारा कर लिया था यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी प्रचार नहीं किया था। हाल ही में अभय सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी की है। इसलिए जितेंद्र सिंह बब्लू की अखिलेश यादव से मुलाकात को इसकी काट भी माना जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

### -महानगर व जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गयी मन की बात



अयोध्या(एजेंसी)। प्रधानमंत्री की मन की बात महानगर तथा जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विधानसभा कैम्प कार्यालय, जिपंअ रोली सिंह ने सरायरासी आवास पर, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, वासुदेव मौर्य सहादतगंज पार्टी कार्यालय, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिरामदास जी की छावनी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहादतगंज स्थित आवास, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय विद्याकुंड , जिलाध्यक्ष हैरिंगटनगंज मंडल के पलिया लोहानी ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इस दौरान बूथों पर पौधरोपण भी किया गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है यह सब पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण सम्भव हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने से देश की विकास को और गति मिलेगी। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि नयापन स्वीकार करने का सामर्थ्य होना चाहिए। उसमें प्रगतिशील मानसिकता भी होनी चाहिए। बिना भेदभाव सभी के कल्याण का भाव होना चाहिए। इन सभी के साथ सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम किया है। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के साथ राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अवधेश पांडे बादल, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, परमानंद मिश्रा, अरविंद सिंह, संजय निषाद, शकुंतला गौतम, कमला शंकर पांडे, जिपं सदस्य इंद्रभान सिंह, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, राम मोहन भारती, प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।

## नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया पिंक महिला शौचालय का लोकार्पण

मीरजापुर(एजेंसी)। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने उत्तरी सबरी वार्ड के राजकीय गांधी उद्यान में नव निर्मित पिंक महिला शौचालय, गणेशगंज वार्ड के रघुनाथदास की गली में दोनों पटरी के किनारे नाली मरम्मत व कवर के कार्य, शिवाला महन्थ वार्ड में चौबेघाट के सामने वाली गली में लवकुश यादव के मकान से विनय सिंह के मकान तक मिट्टी पटाव, नाली, कवर, इण्टरलाकिग का कार्य एवं तरकापुर वार्ड के सोनकर बस्ती में पप्पू सोनकर के मकान से मन्नालाल सोनकर तक नाली, कवर व सीसी के कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया।नपाध्यक्ष ने कहा है की लगातार नगर को विकास की ओर आगे ले जाया जा रहा है। आज विभिन्न निर्माण कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर जिला मंत्री हेमंत त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, नगर महामंत्री कृष्ण कुमार सिंह, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, सभासद पति अजय मोदनवाल, शिव शंकर जायसवाल, शिवांसु कसेरा, सभासद शिव कुमार सोनी, राजेश सोनकर, रतन बिंद, बबलू सोनकर, धीरज तिवारी, रविंद्र कुमार, मनी सोनकर, अशोक सोनी, विनोद कुमार बिंद, लालू बिंद, हीरा सोनकर, अमन जायसवाल आदि लोग सम्मिलित रहे।

## बजरंग दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों का हुआ निःशुल्क जांच व इलाज



मीरजापुर(एजेंसी)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मीरजापुर द्वारा 24 जून से 30 जून तक चलने वाली स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत कोन प्रखंड के जगदीशपुर, मवैया सेवा बस्ती में मेडिकल कैम्प लगाकर सुगर, बीपी, गैस, बुखार, सर दर्द, वायरल फीवर से सम्बंधित रोगों की निःशुल्क जांच व दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह पटेल ने कहा कि बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के तहत सेवा बस्तियों में जाकर निःशुल्क दवा व जांच की सुविधा दी जा रही हैं जो पूरे देश में सेवा का कार्य किया जा रहा है। जहां लोगों को दवा उपलब्ध नही हो पा रही है वहा बजरंग दल के कार्यकर्ता पूर्ण सहयोग के साथ डॉक्टरों के टीम के द्वारा सेवा कर रहे हैं जहां लोग दवा व जांच कराकर उत्साहित है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कुंवर साहब ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के भाव से कार्यकर्ता कड़ी धूप में भी सेवा बस्तियों में जाकर कार्य कर रहे हैं जो कि अति पुनीत कार्य है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर(एजेंसी)। जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को उसके घर से बहला–फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने रविवार सुबह दुर्जनीपुर मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में किशोरी के पिता ने बेटी के घर से गायब होने पर काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नही चलने पर बीते 26 जून को थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई थी। पुलिस ने किशोरी को उसके ननिहाल से बरामद करके मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था। मेडिकल परीक्षण और किशोरी के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज, एसआई भरत राय, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी आरोपी युवक आशुतोष मिश्र उर्फ मिट्ठू को क्षेत्र के दुर्जनीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था।

# टीम इंडिया ने खत्म किया 17 साल का सूखा, टी.20 से विराट, रोहित और जडेजा ने लिया संन्यास



इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाडिघ्यों ने टी.20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है।

भारत की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टी.20 विश्व कप में 17 साल का सूखा खत्म हुआ। क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप में हम अब विश्व चौम्पियन हैं। पूरी टीम एकजुट होकर खेली और देश को जश्न मनाने का मौका दे दिया। 29 जून की रात सात समुंदर पार बारबाडोस में हमारी टीम ने इतिहास रचा और इधर भारत के शहरों में दिवाली मन गई। कितना उत्साह और उल्लास था, देशवासियों ने यह सब अपने टीवी के पर्दे पर अवश्य देखा होगा। खास बात यह कि पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अजेय रहते हुए विश्व कप अपने नाम कर लिया। इस दौरान हमारे खिलाडिघ्यों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मानमर्दन किया। और जब फाइनल में हमारे सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम थी तो उसके जबड़े से हारता हुआ मैच छीन लिया। सच में 15वें ओवर तक जो स्थित थी उसके अनुसार मैच पर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत पकड़ बन चुकी थी। मगर, किस्मत उस दिन भारत के साथ थी। लाखों करोड़ों खेल प्रेमियों की दुआएं टीम इंडिया के साथ थी। लिहाजा 16वें ओवर में मैच ऐसा पलटा कि भारत की झोली में आ गिरा। आखिरी ओवर में सूर्य कुमार द्वारा सीमा रेखा पर लपका गया कैच तो कोई भूल नहीं पाएगा। यदि मिलर का वह कैच नहीं पकड़ा गया होता तो भारत का जीतना मुश्किल था। लेकिन कहते हैं न कि किस्मत बहादुरों का साथ देती है तो उस दिन ऐसा ही हुआ। हम सबको अपनी टीम पर गर्व है। यह जीत लंबे अर्से बाद हासिल हुई है। आईसीसी का कोई टूर्नामिंट भारत ने 2013 में जीता था। तब चौम्पियंस ट्राफी में हमें जीत मिली थी। इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाडिघ्यों ने टी.20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है। यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ये तीनों 35 से 40 साल के उम्र के बीच में हैं। अतरू संन्यास लेने के लिए यही उचित समय भी है। युवा खिलाड़ी बाहर बैठ कर मौके का इंतजार कर रहे हैं। आप देखिए कि यशस्वी जायसवाल को टीम में चुना गया था लेकिन कोई मैच नहीं खेल पाए। लेग स्पिनर यजुवेंद्र चहल पिछले विश्व कप 2022 और इस विश्व कप में टीम के साथ थे लेकिन अंतिम एकादश में चयन नहीं हो सका। यही हाल विकेटकीपर संजू सैमसन का रहा। वह बिना कोई मैच खेले टीम के साथ वापस आएंगे। इसलिए इन तीनों सीनियर खिलाडिघ्यों ने जो निर्णय किया है वह देशहित में है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। फिर विराट कोहली ने तो कहा भी है कि मैं युवाओं को मौका देने के लिए ही टी.20 से संन्यास ले रहा हूं। कोहली पूरे विश्व कप में रन नहीं बना सके लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने 76 रनों की पारी खेल कर अपना सम्मान बचा लिया। उनसे पारी का आगाज कराने का प्रयोग सफल नहीं रहा। आईपीएल में विराट ने बेंगलुरू टीम से खेलते हुए सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी और कामयाब भी रहे थे। पर, विश्व कप में वह विफल रहे। दो बार तो शून्य पर आउट हुए। खैर, अब वनडे और टेस्ट मैच में वह खेलते दिखेंगे। उन्हें सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ना है। इसकी उम्मीद हम सभी को है।च्त्प्रम डवदमल, हारने वाली टीमों को मिले इतने पैसे, देखें पूरी लिस्टरोहित शर्मा ने 2007 के टी.20 विश्व कप से अपने कॅरियर का आगाज किया था। वह इस प्रारूप का पहला विश्व कप था जिसे महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने जीता था। उसके बाद से भारत विजय के लिए तरस रहा था। आखिर 17 साल बाद देशवासियों की मुराद 2024 में पूरी हुई। हिटमैन कहे जाने वाले रोहित सभी विश्व कप में खेले और संयोग देखिए कि अपनी कप्तानी में उन्होंने भारत को खिताबी जीत दिला दी। टी.20 से संन्यास के बाद उनका ध्यान निश्चित रूप से वनडे और टेस्ट मैच पर रहेगा।

विश्व कप में स्पिनर रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। वह केवल एक विकेट ले पाए। उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में ज्यादा मौके भी नहीं मिले। बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलती रही लेकिन चार पारियों में वह केवल 35 रन बना सके। इसलिए टी.20 से संन्यास का उा निर्णय भी सही है।

सच कहें तो इस विश्व कप में हमारी गेंदबाजी बहुत धारदार रही है। इसी के दम पर भारत ने विपक्षी टीमों को आसानी से हरा दिया। पाकिस्तान के खिलाफ 119 रन बनाने के बावजूद यदि हम जीते तो उसमें गेंदबाजों का योगदान ही खास रहा। जसप्रीत बुमराह ने पूरे विश्व कप में 15 विकेट लिये। उन्हें टूर्नामेंट का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। युवा अर्शदीप सिंह भी कसौटी पर खरे उतरे। उसने कुल 17 विकेट चटकाए। आलराउंडर हार्दिक पांड्या को लेकर आईपीएल में खूब नकारात्मक बातें हुईं। पर, उसने विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने भी अपनी उपयोगिता साबित की। केवल फाइनल में ये दोनों पिट गए। इसके अलावा हर मैच में इनका दबदबा रहा।

इस विश्व कप की एक खास बात अफगानिस्तान के साथ जुड़ी है। वह पहली बार किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम रही। अफगान खिलाडिघ्यों ने न्यूजीलैंड, श्रीलंका और सुपर.8 में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराकर बड़ा उलटफेर किया। एक उलटफेर अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान को हराकर किया। इसलिए यह विश्व कप इन बातों के लिए भी याद रखा जाएगा कि न्यूजीलैंड जैसी टीम पहले ही चरण में बाहर हो गई।

## सम्पादकीय


### सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है।

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी शबिल्ली पहली रात को मारी जाती हैय वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है।

बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार परंपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।

# क्रिमिनल लॉ में गुलामी की निशानी मिटी



, क जुलाई से तीन नए क्रिमिनल लॉ लागू हो गये हैं। इसी के साथ 1860 में बनी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ने ली है। भारतीय न्याय संहिता में कई अपराध ाों में कानून को पहले से ज्यादा सख्त कर दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अपराधिक प्रक्रिया संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें अब 533 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदल दिया गया है, 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 ध ााराओं को निरस्त किया गया है।

भारतीय न्याय संहिता भारतीय दंड संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य विधेयक साक्ष्य अधिनियम को रिप्लेस करेगा। इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 1 नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था, कुल 475 जगह गुलामी की इन निशानियों को समाप्त कर नए कानून लेकर आए हैं। कानून में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई–मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल, मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है। पुलिस प्राथमिकी से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है।

भारतीय दंड संहिता में 511 ध ााराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है।

छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। रेप, गैंगरेप और चाइल्ड किडनैपिंग से जुड़े अपराधों में सजा सख्त कर दी गई है। कुछ अपराध ा ऐसे हैं, जिनमें अगर उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है तो फिर दोषी जेल से जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा। धारा 65– भारतीय न्याय संहिता की धारा 65 के तहत, अगर किसी व्यक्ति को 16 साल से कम उम्र की किसी लड़की से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे कम से कम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है। सजा को उम्रकैद तक भी बढ़ाया जा सकता है और ऐसे में दोषी को जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा। धारा 66– अगर दुष्कर्म के दौरान किसी महिला की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा जैसी अवस्था में पहुंच जाती है, तो ऐसे मामलों में दोषी को कम से 20 साल की सजा होगी, जिसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा। इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा होने पर दोषी जिंदा नहीं बाहर आ सकेगा। ध ारा 70– ये धारा गैंगरेप से जुड़ी है। इसी धारा में नाबालिग से दुष्कर्म के अपराध के लिए भी सजा का प्रावधान किया गया है। दोनों ही मामलों में गैंगरेप के सभी दोषियों को कम से कम 20 साल की सजा होगी। इसमें जुर्माने का प्रावधान है, जो पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अलावा सजा को उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा, जिसमें दोषी को जिंदा रहने तक जेल में ही रहना होगा। धारा 71– अगर किसी व्यक्ति रेप या गैंगरेप से जुड़े किसी मामले में दोषी ठहराया जा चुका हो और फिर से इसी अपराध में दोषी करार दिया जाता है तो उसे जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटनी होगी।

धारा 104– उम्रकैद की सजा काट रहा दोषी अगर किसी की हत्या करता है तो उसे सजा–ए–मौत या फिर उम्रकैद की सजा सुनाई जा सकती है। इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा मिलने पर दोषी जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा। धारा 109– इस धारा के सब–सेक्शन 2 के तहत, अगर हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसे सजा–ए–मौत या फिर उम्रकैद की सजा हो सकती है। उम्रकैद की सजा होने पर कैदी को जिंदगी भर जेल में ही रहना होगा।

धारा 139– अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे का अपहरण उससे भीख मंगवाने के लिए करता है तो दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। धारा 139(2) के तहत, अगर भीख मांगने के मकसद से बच्चे को अपंग किया जाता है तो फिर दोषी को जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा काटनी होगी। धारा 143– मानव तस्करी से जुड़े अपराध के लिए सजा का प्रावधान करती है। अगर कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बार किसी बच्चे की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे जिंदगीभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है। धारा 143(7) के तहत अगर कोई सरकारी सेवक या पुलिसकर्मी किसी व्यक्ति की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे भी जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है। आमतौर पर ये माना जाता है कि उम्रकैद की सजा 14 साल या 20 साल की होती है। लेकिन ऐसा नहीं है। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में साफ कर दिया था कि उम्रकैद की सजा का मतलब आजीवन कारावास से है। यानी, अगर किसी दोषी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा। हालांकि, कोर्ट का काम सिर्फ सजा सुनाना है और उस सजा को एग्जीक्यूट करने का काम राज्य सरकार का है। कानूनन अगर किसी कैदी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे कम से कम 14 साल की सजा काटनी होगी। उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 साल जेल में काट लेता है तो उसके केस को सेंटेंस रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाता है। कैदी के बर्ताव को देखते हुए कमेटी उसकी सजा को कम कर सकती है। यही कारण है कि उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 या 20 साल में छूट जाता है।लेकिन भारतीय न्याय संहिता में जिन अपराधों में जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटने का प्रावधान है, उनमें कैदी की सजा को माफ नहीं किया जा सकेगा।

आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत राजद्रोह को एक नया शब्द देशद्रोह मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों की श्रेणी में देशद्रोह को रखा गया है।

इसी प्रकार आईपीसी की ध ारा 144– घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है।

अभी पुलिस अभियोजन वकीलों और जजों को नए कानून और प्रक्रिया संहिता के बदलाव को समझना जांचना और लागू करना भी कम मुश्किल नहीं है। इसके लिए सरकार गोष्ठियों व अन्य माध्यमों से जागरूकता व प्रशिक्षण दे रही है। ¼fgQh½

# उलझन में नीतीश कुमार



, क फिल्म का गाना है कुछ कहा भी न जाए चुप रहा भी न जाए। बिहार में नीतीश कुमार के साथ कुछ ऐसा ही हो रहा है । वहां की राजनीति में अब नीतीश कुमार बड़े भाई के रोल में नहीं हैं। बिहार विधानसभा और विधान परिषद में बड़ा भाई बनने के साथ ही बीजेपी की हनक बढ़ गई है। विधानसभा में भाजपा के पास सर्वाधिक 78 विधायक हैं। वहीं दूसरे नंबर पर राजद है। तेजस्वी के नेतृत्व में 77 विधायकों के साथ राजद दूसरी एवं जदयू 44 विधायकों के साथ तीसरी बड़ी पार्टी है। कांग्रेस के 19 विधायकों को भी राजद के साथ जोड़ दिया जाए तो इंडिया गठबंधन भारी पड़ जाएगा। भाजपा इसीलिए इस बार विधानसभा चुनाव में भी अपना चेहरा आगे रखना चाहती है। बिहार में विधानसभा चुनाव जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं राजनीति में नये–नये दांव पेंच दिखाई पड़ने लगते हैं। नीतीश कुमार ने गुस्सा निगलते हुए चिराग पासवान को गले लगाया, उनके पक्ष में रोड शो किया। अब भाजपा नेता संजय पासवान ने कुछ तसल्ली देते हुए अपने बयान में कहा कि अगर नीतीश कुमार साथ नहीं होते तो भाजपा जीरो पर आउट हो जाती लेकिन गत 27 जून को भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए। अब यह बयान चर्चा में है। क्या आपरेशन लोटश फिर चलेगा जैसे इसी साल फरवरी में चला था। बिहार के 16 कांग्रेस विधायक हैदराबाद पहुंचे थे। सभी विधायक दिल्ली में थे। बाद में तीन और कांग्रेस विधायक हैदराबाद गये। कांग्रेस ने 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में शक्ति परीक्षण से पहले किसी भी खरीद–फरोख्त के प्रयास से बचने के लिए अपने विधायकों को हैदराबाद स्थानांतरित करने का फैसला किया था।बिहार विधान मंडल में सर्वाध िाक सदस्यों की संख्या के साथ ही भाजपा की हनक बढ़ने लगी है। अब विधानसभा में 78 विधायक एवं विधान परिषद में 24 सदस्यों की संख्या होने के साथ ही दोनों सदन के शीर्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधान परिषद के सभापति पद पर भाजपा राजद के आधार वोट बैंक वाले नेताओं को बैठाकर 2025 के विधानसभा चुनाव को साधने की जुगत में जुट गई है। सीधे तौर पर 14 प्रतिशत आबादी वाले यादव समुदाय के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव को वि ध ा न स भ ा अध्यक्ष बनाकर दूरगामी संदेश दिया था। लोकसभा चुनाव में राजद के तीन विधायकों के सांसद बनने और विधानसभा से त्यागपत्र देने के बाद राजद ने बड़ी पार्टी की हैसियत खो दी है। अब दोनों सदनों में भाजपा ही सिरमौर है। दोनों सदनों के आसन पर भी भाजपा विराजमान है और बड़ी पार्टी के रूप में सदन में अधिक समय की हकदार बन गई है। अब शाहाबाद एवं मगध की हार के बाद विधान परिषद में राजपूत समुदाय के अवधेश नारायण सिंह को सभापति बनाकर पार्टी के रणनीतिकारों ने दूरगामी संदेश देने की पहल की है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में भाजपा शाहाबाद एवं मगध ा मिलाकर पांच सीटें हार गई है। सदन प्रमुख की बात करें तो विधान सभा में नंद किशोर यादव अध्यक्ष हैं तो विधान परिषद में अवधेश नारायण सिंह कार्यकारी सभापति हैं। लोकसभा चुनाव में विधान मंडल के पांच सदस्य सांसद बन गए हैं। इसमें विधानसभा के चार एवं विधान परिषद के एक सदस्य सम्मिलित हैं। सुरेंद्र प्रसाद यादव (गया), सुधाकर सिंह (बक्सर), सुदामा प्रसाद (आरा), जीतनराम मांझी (गया) और देवेश चंद्र ठाकुर (सीतामढ़ी) से लोकसभा के लिए चुने गए हैं। इन सदस्यों के इस्तीफे के कारण दोनों सदन में दलगत संख्या में फेरबदल हुआ है। आने वाले दिनों में राजद सदस्यों की संख्या और घट सकती है। विधानसभा के संदर्भ में बता दें कि कुछ सदस्यों के खिलाफ दल बदल कानून के तहत कार्रवाई विचाराधीन है। इसलिए उन्हें अभी मूल पार्टी के सदस्य के रूप में ही गिन रहे हैं। बजट सत्र के दौरान सदन में पाला बदलने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।आगे कार्रवाई की उम्मीद भी नहीं दिख रही है। वैसे विधानसभा की रुपौली और विधान परिषद की विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए चुनाव प्रक्रियाधीन है।

विधानसभा में भाजपा सदस्यों की संख्या 78 है। जबकि 77 विधायकों के साथ राजद दूसरी एवं जदयू 44 विधायकों के साथ तीसरी बड़ी पार्टी है। विधानसभा में कांग्रेस के 19, माले के 11, हम के तीन, सीपीआई के दो, सीपीएम के दो, एआइएमआइएम के एक और निर्दलीय एक सदस्य हैं। विधान परिषद में 21 सदस्यों के साथ जदयू दूसरी बड़ी पार्टी बन गई है। राजद के 15, कांग्रेस के तीन, सीपीआई, हम, लोजपा और माले के एक–एक सदस्य हैं। वहीं, निर्दलीय छह हैं। परिषद की दो सीट रिक्त है। विधान परिषद में 24 सदस्यों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है ।

संभवतः यही कारण है कि भागलपुर में भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है और मैंने पार्टी नेतृत्व से भी कहा है कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा अकेले अपने दम पर सत्ता में आए और अपने सहयोगियों को भी आगे ले जाए, यही मेरी मंशा है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को अभी से काम पर लग जाना चाहिए। मैं बिना किसी अपेक्षा के इसे बखूबी निभाऊंगा...मुझे लगता है कि हम नीतीश कुमार को साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे, आज भी आगे बढ़ रहे हैं और आगे भी आगे बढ़ेंगे...चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा तय होगा। पार्टी और केंद्रीय नेतृत्व यह तय करेगा लेकिन पार्टी के संगठन को पार्टी में आयातित माल हमें कभी बर्दाश्त नहीं... इसलिए अध्यक्ष के पद पर निश्चित रूप से संगठन के मूल का व्यक्ति होना चाहिए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी कई बार यह बात कह चुके हैं कि बिहार विधान सभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी लड़ेगी। लोकसभा सीट बंटवारे के समय सीट घटाए जाते समय ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनता दल यूनाइटेड को इस बात का आश्वासन दिया गया था ।

# खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब

दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन श्राईटश (दक्षिणपंथ) को श्राईटश (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़ जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक–दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंध ान बना रहे हैं।

बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, ष्हम से बच कर रहो ।कल व्लादिमीर पुतिन अपने अजीज दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था। दोनों नेताओं को एक–दूसरे से जोडने वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग–थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक–दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह–तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें?उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेग्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा।पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक–दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते।

## संक्षिप्त खबरें

### नवजागरण अंबेडकर समिति के अध्यक्ष बने इंद्रदेव प्रसाद



मऊ (एजेंसी)। नवजागरण अंबेडकर समिति मऊ का वार्षिक चुनाव पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय में चुनाव अधिकारी विक्रमा राम तथा राजेंद्र राम की देखरेख में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में नवजागरण अंबेडकर समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इंद्रदेव प्रसाद को निर्विरोध अपना अध्यक्ष चुना। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद इंद्रदेव प्रसाद ने नवजागरण अंबेडकर समिति के सदस्यों तथा पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा की समिति के उम्मीदों पर खरा उतरते हुए संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा समाज में संगठन की भूमिका को तेजी से आगे बढ़ाते हुए सामाजिक हित के कार्य किए जाएंगे। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है की आने वाले समय में हमारी समिति दलितों वंचितों के साथ ही लोक कल्याण से जुड़े हुए कार्यक्रमों को और तेजी आगे बढ़ाएगी। बत्तीस सदस्यीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए कल्पनाथ महामंत्री के लिए अशोक कुमार और सहमंत्री के लिए रामबचन राम कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश प्रताप ऑडिटर के लिए तेज प्रताप को मीडिया प्रभारी के साथ ही सुब्बाराव भारती को संरक्षक चुना गया।

### पुलिसकर्मियों को देख भाग रहे चोरो का ट्रैक्टर पलटा, हुए फरार

मधुबन, मऊ (एजेंसी)। थाना क्षेत्र के दुबारी पुलिस चौकी के बगल में रात्रि एक बजे रोटोवेटर चोरी कर भाग रहे चोर ने पुलिसकर्मियों को देख ट्रैक्टर पीछे करने में हताशा की वजह से ट्रैक्टर पलट दिया। बताया जा रहा है कि बलिया जिला के महुआतर गाँव के लालसाहब यादव का रोटेवेटर को चोरों ने ट्रैक्टर में बाध कर भाग रहा था, इसी बीच गांव में किसी व्यक्ति ने देखा कि कोई अनजान व्यक्ति ट्रैक्टर में रोटेवेटर लेकर कोई जा रहा है,इसी बीच गांव के व्यक्ति ने रोटेवेटर मालिक को सूचना दिया, जबकि सूचना मिलते ही लालसाहब यादव के भाई और भतीजा ने पीछा करने लगे, जबकि रास्ते मे चोरों ने कई बार जान से मारने की हमला भी किया लेकिन असफल रहे। जबकि चोरों ने दुबारी पुलिस चौकी के समीप आये और गस्त के दौरान पुलिस कर्मियों को देख कर डर गए और ट्रैक्टर की रफ्तार तेज गति होने की वजह से पीछे कर रहे चोरों ने ट्रैक्टर को पलट दिया और भाग निकले। जबकि ट्रैक्टर पलटनें से चालू ट्रैक्टर से खूब तेज आवाज और धुंआ निकलने लगा। मौके पर आए पुलिस कर्मियों को चकमा दे कर भाग निकले। जबकि 2 घंटे तक राममिलन यादव उपनिरीक्षक द्वारा और जनके हमराहियों द्वारा प्रयास किया गया जबकि प्रयास असफल रहा।

### संस्था द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

मऊ (एजेंसी)। विजय पाण्डेय स्मारक शिक्षण सेवा संस्थान मऊ के तत्वधान में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय एडवोकेटध्समाजसेवी ने नगर क्षेत्र चकमेहन्दी में एक निजी मैरेज हाल में आधा दर्जन पौधों का रोपण किया। दिलीप पाण्डेय ने कहा कि वृक्ष लगाना परम पुण्य का काम है साथ वातावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है इसी क्रम में श्री पाण्डेय ने आमजन से 2 पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने की अपील किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अर्जुन यादव सूर्या, इन्द्रजीत राव, श्रीकांत, श्रीकेश, शुभम, रवि, प्रिंस आदि साथी उपस्तिथ रहे।

### एलडीएम को सम्मानित करते डीसीएफ अध्यक्ष

चित्रकूट (एजेंसी)। इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक तुलसीराम 40 वर्षों की बैंकिंग सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। कर्मचारियों ने समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। नवांगतुक एलडीएम अनुराग शर्मा का स्वागत किया गया।विदाई समारोह में तुलसीराम ने कहा कि उन्होंने 1984 में बैंक में नौकरी ज्वाइन की थी। 1989 में वह बैंक अधिकारी बने और विभिन्न शाखाओं में इलाहाबाद और लखनऊ बैंक के केंद्रीय कार्यालयों में भी अपनी सेवाएं दिया। जिले में विभिन्न शाखों में रहते हुए तीन वर्ष तक आरसेटी में निदेशक रहे। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को धन्यवाद दिया। नवांगतुक एलडीएम अनुराग शर्मा ने कहा कि तुलसीराम कर्मठ, मिलनसार और प्रतिभावान अधिकारी रहे हैं। शासन, प्रशासन और बैंक के बीच अच्छा सामंजस्य बनाकर 40 वर्ष की सेवा सफलतापूर्वक पूरी किया।

## रतनपुरा-भीमपुरा मार्ग नाले में तब्दील, प्रशासन जनप्रतिनिधि व कार्यदायी संस्था कुंभकर्णी निद्रा में

### - रिहायशी स्थलों के सामने सड़क पर होना है सीसी रोड व नाली निर्माण



रतनपुरा, मऊ (एजेंसी)। स्थानीय क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग जो रतनपुरा–भीमपुरा मार्ग (शहीद मार्ग) के नाम से जाना जाता है वर्षों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है परंतु इसका कोई पुरसाहाल नहीं है। इस मार्ग पर कई जगह आवागमन करना दुर्घटना को आमंत्रण देने जैसा हो गया है हल्की बरसात में भी यह मार्ग जगह–जगह नाले में तब्दील हो जाता है। इस मार्ग के प्रारंभ में रतनपुरा में 300 मीटर तक तथा बिलौंझा में 350 मीटर तक सड़क हल्की बारिश में भी नाले में तब्दील हो जाती है। शहीद चौक से 300 मीटर तक इस मार्ग पर तो सड़क का हालत यह है दोनों तरफ से मकान बन गए हैं और जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण संपूर्ण पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है और हल्की सी बरसात में भी यह नाले में तब्दील हो जाता है। रतनपुरा से भीमपुरा के तरफ जाने वाले इस प्रमुख मार्ग से यात्रा करने वाले मऊ जनपद के प्रमुख गांवों मे इटैली,अतरौल पांडेय, नसीराबाद कलां, अईलख, इमिलिया, विलासपुर, विभौली, कुसाडीह, छिछोर, गहना, मानिकपुर, बड़ागांव, भीमहर, बिलौंझा, तरवाडीह, भुड्सुरी, बडागांव, मलपुर लोहराई, कुड्वा मानिकपुर समेत दो दर्जन ग्राम पंचायतें प्रमुख हैं जिनके नागरिक इस मार्ग से ब्लॉक मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, बाजार, बैंक एवं जिला मुख्यालय की यात्रा करते हैं वहीं बलिया जनपद की निकासी, मलप, नगरा, बहराइच, भीमपुरा नंबर 1, भीमपुरा नंबर दो, पूरा पतोई, पशुहारी, ताडी बड़गांव, लहसनी, बरवां रतीपट्टी, अंवराईकला, अचौठा, किडीहरापुर, अखोप समेत तीन दर्जन ग्राम पंचायतों के लोग इस प्रमुख मार्ग से यात्रा करते हैं। इतने प्रमुख संपर्क मार्ग की दुर्दशा के प्रति ना तो शासन प्रशासन गंभीर हैं ना ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का भी इससे कोई सरोकार है इससे लोगों में व्यापक क्षोभ एवं आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में व्यापार मंडल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जायसवाल, शिक्षक नेता अनिल कुमार वर्मा, अमरेंद्र प्रताप सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, पप्पू गुप्ता,मुन्ना जायसवाल, ध्रुव नारायण शर्मा, पुनीत कुमार सिंह डिंपल, राकेश वर्मा, विनोद गुप्ता, हरिनिवास पांडेय, ब्रज भूषण सिंह, वृजमोहन वर्मा, बब्लू यादव आदि लोगों ने संबंधित शासन प्रशासन से गुजारिश की है कि जनहित में इस ज्वलंत एवं अहम समस्या के शीघ्र समाधान के लिए अविलंब ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि जिस मार्ग से बलिया एवं मऊ दोनों जनपदों के हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं वह मार्ग शासन एवं प्रशासन की मंशा के अनुरूप निर्मित हो सके।

## मऊ बेल्थरा रोड बस सेवा का गहना चट्टी पर एमएलसी ने किया स्वागत

रतनपुरा, मऊ (एजेंसी)। विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर ने शनिवार को मऊ से बेलथरा रोड के लिए प्रारंभ हुई नई बस सेवा का गहना ग्राम पंचायत पंचायत की चट्टी पर स्वागत किया। विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर के अनुरोध पत्र पर उत्तर प्रदेश शासन के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मऊ डिपो से एक नई बस सेवा शुरू की। यह बस बलिया जनपद के बेल्थरा रोड से बेलौली, उधरन, क्रिडिहिरापुर, बाहरपुर, गहना, गहनी, साहुपुर, हलधरपुर होते हुए मऊ तक चलेगी। यह बस बेल्थरा रोड से प्रातः 7 बजे मऊ के लिए प्रस्थान करेगी और 9:30 बजे मऊ पहुंचेगी और पुनः सायंकाल मऊ से 4 बजे चलेगी इस बस सेवा के प्रारंभ होने से क्षेत्रीय लोगों में काफी हर्ष है। विधान परिषद सदस्य विच्छे लाल राजभर के नेतृत्व में शनिवार को मऊ से वापस जाते समय सायं लगभग 5 बजे गहना ग्राम पंचायत की चट्टी पर बड़ी संख्या में लोगों ने इस बस का स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने इस बस सेवा के लिए विधान परिषद सदस्य विच्छेलाल राजभर एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस बस सेवा से क्षेत्रीय लोगों को काफी सहूलियत एवं सुविधा मिलेगी।

## जर्जर रतनपुरा-नसीराबाद खुर्द-अतरौली मार्ग पर लेपन नहीं होने से व्यापक जनाक्रोश

रतनपुरा, मऊ (एजेंसी)। विकासखंड की कई सड़कों में बड़े बड़े खड्डे हो जाने के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग के तरफ से निष्क्रियता बरते जाने से रतनपुरा विकासखंड के क्षेत्रीय लोगों में व्यापक क्षोभ एवं आक्रोश व्याप्त है। रतनपुरा से नसीराबाद खुर्द कुड्सर होते हुए अतरौली बार्डर तक की सड़क पूरी तरह जर्जर हो जाने से इस पर आवागमन काफी कठिन हो गया है। इस सड़क में जहाँ जगह–जगह खड्डे बन गए हैं तो वहीं जगह–जगह 20–20 मीटर सड़क के ऊपर की गिट्टी उड़ गई है। कई जगह तो इसमें मिट्टी पाटी गई है और अधिकांश जगह इस पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे आने–जाने वाले बाइक सवार, साईकिल सवार प्रतिदिन गिरकर घायल हो जा रहे हैं। यह सड़क लगभग आधा दर्जन गांवों नसीराबाद खुर्द, उमरपुर, कुड़सर, इटैली, अतरौल पांडेय, गोखा, अतरौली, कंसों, सहाबलपुर के लोगों को रतनपुरा आने के लिए यह इकलौती सड़क है। इस मार्ग की दुर्दशा से क्षेत्रीय लोगों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है और स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा इन गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर आंदोलन की योजना बनाई जा रही है। यदि जल्द ही रतनपुरा नसीराबाद खुर्द होते हुए अतरौली तक जाने वाली सड़क पर लेपन कार्य नहीं कराया गया तो क्षेत्रीय लोगों में व्याप्त आक्रोश की चिंगारी कभी भी ज्वालामुखी बनकर फट सकती है। भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रतनपुरा कृष्णा राजभर, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा राम प्रवेश राजभर, ग्राम प्रधान रामसरीख राजभर, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद चौहान, रूदल यादव, रामनिवास राजभर आदि ने जिलाधिकारी मऊ से मांग की है कि इस मार्ग को जनहित में अविलंब बनवाया जाए जिससे कि प्रतिदिन राहगीरों के साथ होने वाली दुर्घटना से निजात मिल सके और इस क्षेत्र के लोगों को रतनपुरा तक की यात्रा करना सुगम हो सके।

## धर्मान्तरण को लेकर ग्रामीणों का विरोध-प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

मधुबन, मऊ (एजेंसी)। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बनपोखरा बलुवा पर रविवार को हजारों की संख्या में धर्मांतरण को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने नाराजगी जाहिर किया जबकि यह विरोध प्रदर्शन में ग्राम सभा के लोग के साथ–साथ कुछ राजनीतिक और राष्ट्र निर्माण संगठन के पदाधिकारी लोग भी मौजूद रहे। गांधी सुभाष राष्ट्र निर्माण संगठन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जनसभा करके क्षेत्र में हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने के साथ ही लगभग ढेड़ माह पूर्व युवक की हुई मौत के जांच की मांग की गई।बताया जा रहा है कि दिनांक 19 मई के सुबह के मीरपुर ताड़ी बनपोखरा के पास एक श्री यीशु आश्रम इण्टर कॉलेज है। जो कि अगल बगल गांव के लड़के पढ़तें थे,जिसमें एक नौशाद पुत्र जुल्फेकार नामक लड़का पढ़ता था,जिसका शव यीशु आश्रम के प्रांगण में मिला था।उसके बाद परिवार वालों का न्याय अबतक नही मिला है।जबकि जिले और मुख्यमंत्री दरबार तक पीड़ित परिवार ने लगा चुका है चक्कर। परिवार वालों का आरोप है कि मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि मेरा लड़का फैशल उर्फ नौशाद यीशु स्कूल में पढ़ता था, जबकि स्कूल के फादर और सभी कर्मचारियों द्वारा पढ़ाई के साथ साथ उसे समय से घर्म परिवर्तन को लेकर पढ़ाया जाता था। जबकि परिवार वालों का कहना है कि कई बार मना भी किया गया है, लेकिन यीशु इण्टर कॉलेज के फादर्स के कर्मचारियों द्वारा कुछ असर नहीं रहता था। परिवार वालों का कहना है आज मेरे लड़के के साथ है,कल किसी और के साथ यह घटना होगी। इसको प्रशासन को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिये और उचितानुचित कार्यवाही हो। दरोगा से नाराज और शक है कि सभी ग्रामीणों का कहना है कि जब 19 मई को घटना हुई थी, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि घटना के एक दिन पूर्व में अशोक तिवारी उपनिरीक्षक उस यीशू इण्टर कॉलेज में आये थे, जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलेज वालों के साथ संलग्न है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से सुभाष चंद यदुवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष, राजेश यादव जिला पंचायत सदस्य, राम निवास शर्मा, अजय गुप्ता, सुरेश यादव, जुल्फेकार, महेंद्र राजभर, श्री किशुन चौहान, मनोज कुमार, रामबदन, अमित यादव, पशुराम, राजकिशोर चौहान आदि।

## कब्जे से चोरी के प्रिंटर, डीवीआर, मार्कशीट, 8000 रुपये भी बरामद



मऊ (एजेंसी)। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी घोसी के नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब रविवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अमिला थानीदास मार्ग पर प्रकाश में आये अभियुक्तगण राकेश मल्लाह उर्फ गुड्डू मल्लाह पुत्र रामचरन मल्लाह निवासी राहुल नगर मठिया थाना कोतवाली, संजय यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी एकरामपुर थाना सिधारी, शुभम तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी चकगुरिया थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ के कब्जे से चोरी की एक अदद प्रिंटर, एक अदद डीवीआर, एक अदद मार्कशीट, 8000 रुपये व एक अदद नाजायज तमन्चा तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 263ध्24 धारा 457 ,380 भादवि से संबंधित पाये गये। उक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी तथा मु0अ0सं0 279ध्24 धारा 3ध्25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## कलश यात्रा के साथ मारुति नंदन महायज्ञ 6 जुलाई से होगी शुरु



सोनभद्र(एजेंसी)। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ 6 जुलाई से शुरू होगी। जिसका समापन 14 जुलाई को गरीब कन्याओं की शादी के साथ होगा। अयोध्या एवं प्रयागराज से आए महंत एवं संत भी विवाह के साक्षी बनेंगे। प्रतिदिन विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम के आयोजक, संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 6 जुलाई को कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही मारुति नंदन महायज्ञ शुरू होगी। यज्ञाचार्य राधेकृष्ण तिवारी, रेवती रमण तिवारी समेत अन्य आचार्यों के जरिए मारुति नंदन महायज्ञ एवं निर्धन कन्याओं की शादी कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चलेगा।उन्होंने यह भी बताया कि गरीब कन्याओं की शादी 14 जुलाई को होगी, कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज व प्रयागराज के महंत बलबीर गिरी महाराज भी आएंगे। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़ व शिव शक्ति महिला मंडल के पदाधिकारी,सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक शिव शक्ति महिला मंडल सुशीला पाठक, सविता देवी, संगीता देवी, किरन मोदनवाल, कृष्णावती देवी, चिंता मौर्य, विमला देवी, जगवंती केशरी, कालो देवी, हीरा सिंह, मनोज केशरी,शालिक राम शाहूअजय सिंह, परमानन्द,बिरजू दास, रमेश बैश, राजेंदर दास, जवाहर केशरी का विशेष योगदान है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

## राबर्ट्सगंज चुर्क मंडल के बूथ संख्या-2 ग्राम पंचायत जामगांव में सुनी गई मन की बात

सोनभद्र(एजेंसी)। रविवार को राबर्ट्सगंज विधानसभा चुर्क मंडल के बूथ संख्या 2 पर ग्राम पंचायत जामगांव में प्रधानमंत्री की मन की बात रेडियो पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में सुनी गई जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं।उन्होंने कहा कि आज 30 जून का ये दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई–बहन हूल दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो–कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। वीर सिद्धो–कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी–जान से मुकाबला किया, और जानते हैं ये कब हुआ था ? ये हुआ था 1855 में यानी ये 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी दो साल पहले हुआ था, तब, झारखंड के संथाल परगना में हमारे आदिवासी भाई–बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।एक पेड़ मां के नाम पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपसे पूछें कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे– मां। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन–पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता।उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन, और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है– एक पेड़ मां के नाम। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है– चाहे वो अमीर हो या गरीब, चाहे वो कामकाजी महिला हो या गृहिणी। इस अभियान ने सबको मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। वो अपनी तस्वीरों को प्लान्ट 4 मदर और ,एक–पेड़–मां–के–नाम इसके साथ साझा करके दूसरों को प्रेरित कर रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात में आज मैं आपको एक खास तरह के छातों के बारे में बताना चाहता हूं। ये छाते तैयार होते हैं हमारे केरला में। वैसे तो केरला की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते, वहां कई परंपराओं और विधि–विधान का अहम हिस्सा होते हैं लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूं वो हैं कार्थम्बी छाते और इन्हें तैयार किया जाता है केरला के अट्टापडी में।

उन्होंने कहा कि ये रंग–बिरंगे छाते बहुत शानदार होते हैं। और खासियत ये इन छातों को केरला की हमारी आदिवासी बहनें तैयार करती हैं। आज देशभर में इन छातों की मांग बढ़ रही हैं। इनकी ऑनलाइन बिक्री भी हो रही है। इन छातों को वट्टालक्की सहकारी कृषि सोसाइटी की देखरेख में बनाया जाता है। इस सोसाइटी का नेतृत्व हमारी नारीशक्ति के पास है।

पेरिस ओलंपिक पर भी बात की पीएम मोदी ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। हम सबके मन में टोक्यो ओलंपिक की यादें अब भी ताजा हैं।

उन्होंने कहा कि टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था।उसके बाद से ही हमारे एथलीट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी–जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब 900 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी शूटर बेटियां भी शामिल हैं। इस बार कुश्ती और घुड़सवारी में हमारे दल के खिलाड़ी उन श्रेणी में भी भाग लेंगे, जिनमें पहले वे कभी शामिल नहीं रहे।लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के कितने ही उत्पाद हैं, जिनकी दुनिया–भर में बहुत मांग है और जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं,

## अलग-अलग मारपीट में तीन महिला समेत सात घायल

चित्रकूट (एजेंसी)। अलग–अलग तीन स्थानों पर लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी चलने से तीन महिला समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।मारपीट की पहली घटना मऊ थाना क्षेत्र के रेड़ीभुसौली गांव में रविवार को सवेरे हुई। घायल तौफीक अहमद (30) पुत्र खुर्शीद अहमद ने बताया कि बीते दिनो पड़ोसी इजहार के यहां महिलाओं के बीच झगड़ा हो रहा था। तभी पत्नी शबीना व मां वहां पहुंचकर मामला शांत कराया। इसी खुन्नस के चलते सवेरे एकराय होकर मो रफीक, निजाम, मुख्तार अहमद व इजहार अहमद समेत महिलाओं के साथ घर में कुल्हाड़ी, फरसाद, डंडे लेकर धावा बोल दिया। मारपीट में वह तथा उसके पिता, भाई सद्दाम की जमकर पिटाई की। जाते समय धमकी दी है। घायलों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार दिया गया हैंइसी क्रम में भरतकूप थाना क्षेत्र के मऊ ब के मजरा मिरिया पुरवा की माया देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार को हैंडपंप में पानी भरने के दौरान दूसरी महिला तोता ने बाल्टी फेंक दिया। विरोध करने पर उसके परिवार के पप्पू, शिवपूजन, यदुराज आ गए और उसकी पिटाई कर दी। कुल्हाड़ी से वारकर रक्तरंजित कर दिया। परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिसे चिकित्सा दी गई है। घायल ने बताया कि सरकारी हैंडपंप में दस दिन पूर्व भी पानी भरने को लेकर विवाद हुआ था। जिसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने कहा था कि पानी भरने दिया जाए। इसके बाद फिर मारपीटा है। कहते हैं अपनी जमीन पर हैंडपंप लगाओ। घायल महिला के पति ने घटना की तहरीर पुलिस को सौपकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।इसके अलावा तीसरी घटना बारा कादरगंज के बुद्धू के पुरवा में बीती शाम हुई। बताया गया कि माया देवी (30) पत्नी नंदकिशोर शौचक्रिया को गई थी। तभी पड़ोसी पांच–छह लोग आए और उसे मारापीटा। यह देख वहां मौजूद ससुर रामसजीवन ने विरोध किया तो उसे भी पीटा। बचाने आई सास बैली की भी पिटाई कर घायल कर दिया। घायल महिला के नंदोई रज्जू निवासी तरांव ने बताया कि दबंग आए दिन परेशान करते हैं।

### जला अस्पताल और सीएचसी की सेवाएं की जाएं कम्प्यूटरी×तरु डीएम

चित्रकूट (एजेंसी)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन आख्या पर भी चर्चा की।

डीएम ने निर्देशित किया कि सिजेरियन प्रसव को रेफर न करें। जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं को कम्प्यूटराइज्ड किया जाए। आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के ईपीएफ भुगतान के लिए कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय को पत्र प्रेषित करें।

### मंदिर परिसर से निकलने वाले कूड़े-कचरे, प्लास्टिक गौवंशो के लिए बन रहे घातक

सोनभद्र(एजेंसी)। एक तरफ प्रदेश सरकार जहां गौशालयों के जरिए गौ संरक्षण पर जोर दे रही है और गौ सुरक्षा के प्रति भी गंभीर बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर धर्म का लबादा ओढ़े हुए लोग ही गौ संरक्षण से बेफिक्र बने हुए उन्हें मौत के मुंह में धकेलने का कार्य कर रहे हैं। ऊपर तस्वीरों में आप जो दृश्य देख रहे हैं यह तस्वीर है सोनभद्र जिले के डाला स्थित वैष्णो देवी मंदिर परिसर की है। जहां मंदिर से निकलने वाले कूड़े–कचरे, प्लास्टिक इत्यादि को खुले में फेंका जा रहा है। जहां गोवंशों का झुंड उन कूड़े कचरों पर अपनी भूख मिटाते हुए नजर आते हैं जो उनके लिए घातक ही नहीं बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। इसका आभास भले ही इंसानों को ना हो, लेकिन इन बेजुबानों को कुछ दिनों बाद होने लगता है तब तक काफी देर हो चुकी होती है। क्योंकि यह बेजुबान अपने दर्द और व्यथा को बता पाने में असमर्थ होते हैं। दुरूखद बात यह है कि इन बेजुबानों के दर्द और पीड़ा को इंसान समझ सकता है, लेकिन देखने के बाद भी अनजान बना हुआ इसे बढ़ावा देता जा रहा है। दरअसल, डाला स्थित वैष्णो देवी मंदिर परिसर से निकलने वाले कूड़े–कचरे मंदिर परिसर के दुकानदारों द्वारा फेंके गए कूड़े कचरे पर अक्सर आसपास के गौ एकत्र होकर भोजन की तलाश में जुटी रहती हैं जिनके पेट में प्लास्टिक की थैलियां कचरा इत्यादि सीधे तौर पर जा रहे हैं

## राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का हुआ स्वागत उत्सव कार्यक्रम

कछौनाध्हरदोई (एजेंसी) स। ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत सोमवार(1 जुलाई) को राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज कछौना मेंविद्यार्थियों व उनके अभिभावकोंका स्वागत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के अधीक्षक पी.एन. पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता द्वारा विद्यार्थियोंको तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित महिला अभिभावकों का विद्यालय की शिक्षिका कुसुम लता, सविता सिंह, गीता देवी व अरुणिमा द्वारा तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## शिक्षा सत्र के पहले दिन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया गया स्वागत





मसौली बाराबंकी। नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवला करसंडा मे खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओ के तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया तथा बच्चो मे फल का वितरण किया। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र–छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुडाव पैदा होता है, जिसके फलस्वरूप विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन–पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। विद्यालय में छात्र–छात्राओं के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल, रंगोली, गुब्बारों आदि से सजाया गया और विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली–टीका लगाकर स्वागत किया गया तथा बच्चों मे फल का वितरण किया गया बीडीओ द्वारा बच्चो में पुस्तक का वितरण करते हुए बच्चो से मन लगाकर पढ़ने की अपील की। इस मौके पर प्रधानाधियापिका शालिनी वर्मा, अध्यापिका उषा, सुनीता कांदु, अनुदेशिका ललिता सिंह, अनुचर सर्वेश कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मित्तल, ब्लाक वरिष्ठ सहायक अनिल दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## छः पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत बासूपुर पौड़िया गांव की नसरीन बेगम पत्नी जुबैर खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश में सत्ताईन जून की शाम गांव के पडेसी खालिक व उनके पुत्रगण ऐलान तथा अख्तर, सरवर एवं पत्नी नहरूल पुत्री शबनम उसके दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज करने लगे। पीडिता की ननद तस्मिया ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर तस्मिया तथा परिवार के लोगों को जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने जांच के बाद खालिक समेत छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित को मिली गोली मारने की धमकी, मुख्यमंत्री से शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीन के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दबंग पीडित को गोली मारने की धमकी देते रहे। वहां खडी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय व सुरक्षा की गुहार की है। लीलापुर थानान्तर्गत बासूपुर गांव निवासी अब्दुल कादिर के पुत्र नाजिम खान ने तीस जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसकी भूमिधरी की जमीन पर अटठाईस जून को गांव के पडोसी जबरन जुताई कराने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपीगण हमलावर हो उठे। शिकायत पर पहुंची पुलिस के सामने आरोपीगण पीड़ित को गोली मारकर जान से मार डालने की धमकी देने लगे। वहीं मौके पर मौजूद पुलिस जाने क्यूं मूकदर्शक बनी रही। घटना को लेकर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है। इधर थानाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने जांच के बाद उचित कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित गोष्ठी में पौधरोपण का दिलाया संकल्प



लालगंज, प्रतापगढ़। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। ओम बूढेध्श्वरनाथ आरएसबीएस पीजी कालेज तिना चितरी में आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती की अमूल्य धरोहर है। इनका संरक्षण न होने पर आने वाले समय में जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होनें लोगों से कम से कम एक पौधा रोपित करने को लेकर संकल्प दिलाया। डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने भी पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार उपाध्याय ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष रणधीर सिंह, कार्यक्रमाधिकारी जीतेन्द्र यादव, डॉ. हरिश्चंद्र ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में छायादार व फलदार पौधो का रोपण किया गया। इस मौके पर चंदन प्रतापगढ़ी, डॉ. आरडी यादव, डॉ. संदीप त्रिपाठी, रामकृष्ण मिश्र, सुरेश शर्मा, शिखा सिंह, सरोज यादव, शुभम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## जनसहभागिता के बिना नहीं लागू हो सकता कोई कानून

### अपर पुलिस महानिदेशक ने कुर्सी थाने पर गोष्ठी कर दी जानकारी



बाराबंकी। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस.बी. शिराडकर ने सोमवार को कुर्सी थाने में नए लागू हुए तीन कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने थाने में उपस्थित गणमान्य व संभ्रांत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस तभी कोई कानून लागू कर सकती है जब जनसहभागिता हो। उन्होंने कहा कि सरकार की यह मंशा है कि लागू नये कानून आम जनमानस का सहयोग लिया जाए और लोगों से बात की जाय। सरकार का मानना है कि अगर प्रभावी रुप से कार्य करना है तो जबतक जनता का सहयोग नहीं होगा तब तक कोई कार्य साकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नये तीन उपयोगी कानूनों को जनसहयोग से अधिक सुरक्षा का एक माहौल बनाना है।यह पहल भारत सरकार के निर्देश के अनुसार सभी पुलिस स्टेशनों पर की गई है।मैं उम्मीद करता हूं कि पुलिस के हर अच्छे प्रयास में आप लोगों का सहयोग मिलेगा। अच्छी पुलिसिंग तभी हो पाती है जब सभी का सहयोग हों।और जब भी पुलिस की तरफ से कोई गलत बात होगी तो वो आप लोगों को ही बताना है। पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक और यहां के प्रभारी उसे ठीक कर सके।हम तीनों नए कानून को लागू करने के अलावा हम पारदर्शी तरीके से काम करेंगे, उत्तर प्रदेश सरकार को भी यही अपेक्षा है। इससे पहले जिले के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि अब कहीं से भी ई एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी बस तीन दिवस के अंदर हस्ताक्षर के लिए आना होगा,इसके अलावा किसी स्थान के घटना की एफआईआर किसी दूसरे स्थान से भी दर्ज होगी।वह थाना उसे स्थानांतरित कर देगा।इस मौके पर एएसपी सीएन सिन्हा,क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ बीनू सिंह,कुर्सी थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## तालाब से अवैध खनन को लेकर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। तालाब से जेसीबी द्वारा मिटटी निकालने के विवाद को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे बरियार अलावलपुर निवासी मनोज सिंह के पुत्र अतुल सिंह का आरोप है कि शनिवार की रात गांव के उदयपाल सिंह के पुत्र बबलू तालाब से जेसीबी द्वारा मिटटी की खुदाई करा रहे थे। किसी अज्ञात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंद करा दिया। आरोपी ने पीड़ित पर शक करते हुए अपने साथियों आदित्य, पंकज सिंह, शिवम उर्फ डाक्टर निवासी कुसौली तथा अभिषेक विक्रम उर्फ पप्पू निवासी बेवल नसीराबाद रायबरेली के साथ मिलकर उसे मारापीटा व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## टिकैतगंज कस्बे में मिला नवजात बच्ची का शव



निंदूरा बाराबंकी। टिकैतगंज कस्बे के बाबागंज रोड पर सड़क किनारे प्लाट की दीवार के पास नवजात बच्ची का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। नवजात बच्ची का शव किसने डाला, इसका पता नहीं लग सका। कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित बाबागंज रोड पर सिराज इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के सामने प्लाट की दीवार के पास सोमवार दोपहर एक नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला।शाम करीब चार बजे नवजात बच्ची के शव को पंछी नोच रहे थे। जिसपर आसपास लोगों नजरें शव पर पड़ी।शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर हड़कंप मच गया।पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप ने बताया कि बरामद शव नवजात लड़की का पाया गया है। पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है। पांच माह पहले भी मिला था शव इसी कस्बे के बाबागंज रोड पर ही बीते जनवरी माह में भी एक नवजात बच्ची का शव एक खाली पड़े खंडहर मकान में मिला था।घटना से पांच माह बाद घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर नवजात बच्ची का शव मिलने से लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।

## फांसी के फन्दे से लटकता मिला किशोरी का शव

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटककर किशोरी ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कुरैशी राहाटीकर निवासी हकीम की पन्द्रह वर्षीया पुत्री साहिमा का शव सोमवार दोपहर घर के समीप आम के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार के अनुसार साहिमा दोपहर करीब तीन बजे शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। मौत की वजह को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। एसओ राधेबाबू का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

## मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक



बिलग्रामध्हरदोई (एजेंसी)। मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की गयी।सोमवार को कोतवाली प्रांगण में मोहर्रम के पर्व को लेकर क्षेत्राधिकार सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मोहर्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बिलग्राम कस्बे की प्रमुख अंजुमनों के अध्यक्ष व नगर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने लोगों से सुझाव मांगे और सहयोग की अपील की बैठक में लोगों ने नगर से जुलूस की शक्ल में उठने वाली कदीमी सफेद ताजिया और बत्तीस कहार ताजिया सहित अन्य ताजियों और उसमें होने वाली भीड़ के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्षेत्राधिकार सुनील कुमार शर्मा ने सभी से मोहर्रम को लेकर सुझाव मांगे और उचित फोर्स मुहैया कराने तथा जुलूस के समय बिजली आदि की लाइन काटने संबध में बातचीत की साथ ही किस किस दिन कौन से जुलूस निकलते हैं इसकी जानकारी ली। इस दौरान नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शशिप्रभा चौधरी ने सफाई व्यवस्था और बेहतर करने की बात की साथ ही विद्युत विभाग के जेई विजय कुमार ने लोगों से कहा कि जुलूस के दौरान लाइट काट दी जायेगी जहां कहीं भी तार नजदीक हों और ताजिए में दिक्कत पैदा करें विद्युत विभाग को अवगत करायें उन्हें भी दुरुस्त करा दिया जायेगा इस दौरान हुजूर बिलग्रामी मियां,वाजिद हुसैन, शजर, कल्लन मियाँ, शय्यद काशिफ मियां,शफीक खघन उर्फ गुड्डू राशिद अंसारी, सहित आसपास गांव के अंजुमनों के प्रमुख भी मौजूद रहे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान व बाइक बरामद




फतेहपुर,बाराबंकी। फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा सोमवार को चोरी घटना में वांछित अभियुक्तगण धीरज उर्फ रवि वर्मा पुत्र स्व0 विनोद कुमार वर्मा,राम आधार गौतम पुत्र स्व0 महादेव प्रसाद निवासीगण ग्राम हसनपुर टांडा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को फतेहपुर–बेलहरा मार्ग नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद चोरी की बैटरी, 21,650 नकदी व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साईकिल UP41X2112 बरामद किया गया। विधिक कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन से सौंपा ज्ञापन



लालगंज, प्रतापगढ़। अन्नदाता किसान यूनियन की सोमवार को लालगंज में बैठक हुई। जिसमें भारी संख्या में किसान व संगठन के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद विभिन्न समस्याओं को लेकर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव भानु प्रताप सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय की अगुवाई में एसडीएम प्रवीण द्विवेदी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के जरिए समय से नहरों में पानी, बेसहारा मवेशियों से फसल की रक्षा समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनियन ने एसडीएम से निदान की मांग की। इससे पूर्व बैठक को राव वीरेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज किरन सरोज आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर नीतू गौतम, डॉ. रमापति ओझा, नीतू आदि मौजूद रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हुआ शुरू

हरदोई (एजेंसी)।विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान एवं दस्त रोको अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिलाधिकारी श्री मंगला प्रसाद सिंह ने गाँधी मैदान में किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जागरूकता रैली एवं अभियान में लगे एंटीलार्वा छिड़काव,फॉगिंग व प्रचार–प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली में जिला विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार एवं सहयोगी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा यूनिसेफ, पाथ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।इसी क्रम में अहिरौरी के विधायक श्री प्रभास कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) अहिरौरी सीएचसी पर एवं बावन सीएचसी पर ब्लाक प्रमुख श्री धर्मेन्द्र सिंह ने तथा शाहाबाद सीएचसी पर ब्लाक प्रमुख श्री त्रिपुरेश मिश्रा ने अभियान का शुभारम्भ किया।इसके साथ ही नया गाँव, मुबारकपुर स्थित 100 शैया चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहताश ने फीता काटकर अभियान का शुभारम्भ किया।उन्होंने कहा कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान और एक जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलेगा।दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता बुखार, इन्फ्ल्युन्जा लाइक इलनेस, टीबी के लक्षण वाले रोगियों, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम, कुष्ठ, काला जार और फाइलेरिया के लक्षण वाले रोगियों की सूची बनाएंगी।इसके साथ ही जिन घरों में मच्छर का लार्वा पाया जायेगा उसका चिन्हीकरण कर उसकी सूचना ब्लाक और जिला मुख्यालय पर भेजेंगी ।

## स्वयं के साथ साथ अपने परिवार में भी अपने बच्चों को हिंदी का महत्व बताएं, नए शब्द सिखाएं'आशुतोष द्विवेदी

हरदोई (एजेंसी)।जनपद के कवि आशुतोष द्विवेदी के तृतीय काव्य संग्रह का विमोचन आर्य ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में हमारे राम के मंचन में रावण का अभिनय करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार एवं अभिनेता आशुतोष राणा एवं 350 से अधिक शो कर चुके व राम का अभिनय कर रहे राहुल आर भूचर के द्वारा संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में आशुतोष राणा ने आशुतोष द्विवेदी की प्रशंसा की और कहा कि आशुतोष की रचनाएं मात्र हृदय को आह्लादित नहीं करती वरन समाजोपयोगी भी हैं। आशुतोष अच्छे कवि हैं और भाषा के महत्व को समझते हैं। यही कारण है कि इनकी रचनाओं में सामाजिक मान मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने आशुतोष को शुभकामना देते हुए उनकी पुस्तक के बारे में भी बताया। आशुतोष द्विवेदी अब तक कविताओं के कुल तीन संग्रह प्रकाशित करवा चुके हैं। ओस की बूंद इनका तृतीय काव्य संग्रह है। इसमें जीवन के विविध पहलुओं पर कविताओं का सृजन किया गया है। प्रेम, वात्सल्य, देश के साथ साथ करुणा आदि पर भी आशुतोष की कविताएं इस संग्रह में समाहित हैं। आशुतोष वर्तमान में सीतापुर रोड स्थित अपने निजी आवास में रहते हैं। आशुतोष की पत्नी डॉ स्वाति चंदेल राजकीय इंटर कॉलेज हरदोई में संस्कृत की प्रवक्ता हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी कार्य कर रही हैं।

आशुतोष द्विवेदी काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत एवं समाजकार्य में परास्नातक हैं। आशुतोष ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र में आने के पीछे उनका मुख्य उद्देश्य सामाजिक मान मर्यादा के अनुरूप साहित्य की सेवा करना है।

यही कारण है कि आशुतोष कभी भी अपनी रचनाओं में शब्द प्रयोग आदि के साथ समझौता नहीं करते। युवाओं के प्रति आशुतोष ने कहा कि कभी भी भाषा के स्तर पर समझौता न करें। हमारी भाषा हमारी पहचान है, यदि हम अपनी पहचान को विस्मृत करेंगे तो हम मिट जाएंगे। आशुतोष ने अपने पाठकों को भी एक संदेश दिया कि स्वयं के साथ साथ अपने परिवार में भी अपने बच्चों को हिंदी का महत्व बताएं, नए शब्द सिखाएं। यह हमारी धरोहर है अतः इसे संजोकर संवर्धित करने का उत्तरदायित्व भी हमारा है।

## नौनिहालों, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का हुआ गर्मजोशी से स्वागत कार्यक्रम



कछौनाध्हरदोई (एजेंसी) ।गर्मी के अवकाश के बाद 1 जुलाई को विद्यालय पुनः खुलने पर नौनिहालों, विद्यार्थियों व अभिभावकों का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विकास खंड कछौना के परिषदीय विद्यालय, प्राइवेट स्कूलों, राजकीय आश्रम पद्धति सहित समस्त विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने प्राथमिक विद्यालय समसपुर में पहुंचकर बच्चों का स्वागत किया। शिक्षकों ने प्रबंध समिति के पदाधिकारी से अनुरोध किया कि आसपास कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। परिषदीय स्कूल वर्तमान समय में कायाकल्प के माध्यम से बदलाव की नई पटकथा लिख रहे हैं। सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों को मात दे रहे हैं। विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार है। प्राथमिक विद्यालय समसपुर, प्राथमिक विद्यालय सुठेना, जूनियर हाई स्कूल मतुआ मॉडल स्कूल के रूप में हैं। विद्यालयों को गुब्बारों व रंग–बिरंगी झंडियों से सजाया गया था। विद्यालयों में अच्छा माहौल का वातावरण बनाया जा सकता जा रहा है जिससे बच्चे स्वयं उत्साहित होकर विद्यालय पहुंचे। अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का मंच मिले। अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, मोजे, स्कूल बैग के लिए भेजी जाती है। अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। स्कूल चलो अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा नामांकन कराया जा रहा है। हाउसहोल्ड सर्वे के माध्यम से शिक्षा से वंचित व ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। स्कूलों में उत्साह का माहौल था। प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह, डाली सिंह, मनोज सिंह, एआरपीगण दीपक जायसवाल, लाल बहादुर सिंह, राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, शिक्षक, ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, अभिभावकगणों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभा किया। इस पल को यादगार बनाया। वहीं राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज कछौना में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

# सपाट खुले भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 79 हजार, निफ्टी 24,000 के पार



मुंबई,01 जुलाई। भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स सोमवार सुबह सपाट नोट पर खुले, निफ्टी 50 इंडेक्स 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,019 पर था, जबकि 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 44 अंक बढ़कर 79,077 के स्तर पर खुला।सेंसेक्स पर मारुति (एमएसआईएल), जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाट स्टील, अट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि कोटक बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, पावरग्रिड और एनटीपीसी टॉप लूजर रहे।निफ्टी 50 पर बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प टॉप पांच गेनर्स में से थे, जबकि अपोलो हॉस्पिटल, शएंड टी और एचडीएफसी लाइफ सहित अन्य नुकसान में रहे।

पिछले सप्ताह के निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, मिले जुले वैश्विक संकेतों को देखते हुए भारतीय शेयर बाजार सोमवार को नरम रुख के साथ खुलने की उम्मीद भी थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स ने भी नरम शुरुआत का संकेत दिए, जो निफ्टी 50 फ्यूचर्स से सिर्फ 3 अंक ऊपर 24,135 के स्तर पर थे।

एशिया–पेसिफिक बाजारों ने सोमवार सुबह डाइवर्सीफाइड परफॉर्मेंस दर्ज किया क्योंकि निवेशकों ने चीन के आधिकारिक जून ट्रेड एक्टिविटी डेटा और जापान के बिजनेस कॉन्फिडेंस रीडिंग का वैल्यूएशन किया।जापान का निक्केई 225 0.42 प्रतिशत चढ़ा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स 0.52 प्रतिशत बढ़ा। इसके विपरीत, साउथ कोरिया का कोस्पी 0.27 प्रतिशत नीचे आया, हालांकि कोस्डैक, जो स्मॉल–कैप शेयरों पर फोकस करता है, 0.79 प्रतिशत बढ़ा।ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी धएएसएक्स 200 में 0.49 फीसदी की गिरावट आई। इस बीच, हांगकांग के बाजार सोमवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे।

शुक्रवार को अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.41 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 0.71 फीसदी की गिरावट आई। दोनों इंडेक्स पीछे हटने से पहले सेशन में नई सर्वकालिक इंट्राडे ऊंचाई पर पहुंच गए थे। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी 0.12 फीसदी की गिरावट आई।

पिछले कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 फीसदी टूटकर 79,032.73 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 33.90 अंक यानी 0.14 फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। निफ्टी दिन के अंत में 24,010.60 अंक पर बंद हुआ था।

28 जून के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया और टाइटन सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के 30 शेयरों में 20 शेयर लाल निशान पर बंद हुए थे। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे।

लगातार दो महीने की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। यह एक मजबूत बाजार के रुख की ओर संकेत करता है।

## खेल मंत्री को उम्मीद, भारत पेरिस ओलंपिक में पदक तालिका में सुधार करेगा

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल द्वारा नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद जताते हुए इस बात पर जोर दिया कि हाल के वर्षों में सरकार के लिए खेल प्राथमिकता रहे हैं। मांडविया ने पेरिस जाने वाले एथलीटों की औपचारिक विदाई और किट के अनावरण के दौरान कहा, "मुझे विश्वास है कि यह दल खेलों में भारत के विकास को बनाए रखेगा।" मांडविया ने कहा, " हमने 2016 रियो में दो पदकों से बढ़कर तोक्यो में सात पदक हासिल किए। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक से भारत तालिका में 67वें से 48वें (स्थान) पर पहुंच गया। मुझे उम्मीद है कि हमारे एथलीट हमें इस बार पदक तालिका में और भी ऊपर ले जाएंगे।" इस विदाई समारोह में एथलीटों, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलों से पहले एथलीटों के समर्थन में सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, " सरकार ने टॉप्स जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से एथलीटों का समर्थन किया है, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को विशेष सहायता प्रदान करती है।"

# भारत ने नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ाया कदम, नीति आयोग ने शुरू किया ट्रांजिशन योजना बनाने का काम



नईदिल्ली, 01 जुलाई। भारत के 2070 तक श्नेट जीरोग्न अर्थव्यवस्था बनने की घोषणा के तीन साल बाद इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति बनाने का काम शुरू हो गया है। नीति आयोग ने भारतीय अर्थव्यवस्था को जीरो–कार्बन लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए ट्रांजिशन योजना तैयार करने हेतु विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों की समितियों का गठन किया है।नीति आयोग ने इस साल अप्रैल में कार्यालय ज्ञापन में कहा था, श्यूएनएफसीसीसी में जलवायु परिवर्तन पर भारत की प्रतिबद्धता, विकास की जरूरतों और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने को ध्यान में रखते हुए ये कार्यसमूह गठित किए हैं। इस कार्यसमूह का उद्देश्य चुनौतियों की पहचान करना, विकास की राह तैयार करना और जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर नीतिगत कार्रवाई का सुझाव देना है।ग्यइस ज्ञापन का शीर्षक है– नेट जीरो पर राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने के लिए मार्ग विकसित करने और इसे प्राप्त करने के लिए रणनीतियों एवं हस्तक्षेपों का प्रस्ताव करने के लिए अंतर मंत्रालय कार्यसमूह का गठन। इन कार्यसमूह में वर्तमान और पूर्व सरकारी अधिकारियों, क्षेत्र के नियामकों, फाइनैंसरों, विशेषज्ञों, शिक्षाविद, उद्योग के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।वर्ष 2021 में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हुआ था जिन्होंने नेट कार्बन जीरो अर्थव्यवस्था बनने के लिए लक्ष्य वर्ष निर्धारित किया है। ब्रिटेन के ग्लासगो में आयोजित कॉप26 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच आयामी श्पंचमित्रग्न जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य दिया था और अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन की तर्ज पर 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई थी।उस समय प्रधानमंत्री ने जिन पांच लक्ष्यों का जिक्र किया था उनमें 500 गीगावाट का गैर–जीवाश्म क्षमता विकसित करना और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, कार्बन उत्सर्जन को 1 अरब टन तक घटना और कुल कार्बन इन्वेंट्री में 45 फीसदी तक कमी लाना शामिल है।

श्पंचमित्रग्न के चार अन्य लक्ष्य मूर्त हैं और उनमें उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। यह पहला मौका है जब नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में नीति के स्तर पर हस्तक्षेप शुरू किया गया है। नीति आयोग ने 6 कार्यसमूहों का गठन किया है जो नीति प्रारूप, कामकाज के तरीकों और बुनियादी क्षेत्रों के लिए इसे अपनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में वृहद आर्थिक प्रभाव, जलवायु फाइनैंस, महत्त्वपूर्ण खनिजों दृ शोध एवं विकास और घरेलू विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा ट्रांजिशन के सामाजिक पहलुओं, नीति सारांश और परिवहन, उद्योग, इमारतों, बिजली तथा कृषि के लिए 6 क्षेत्रीय कार्यसमूह गठित किए गए हैं।

इन समूहों की रिपोर्ट का नीति आयोग मिलान करेगा और एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सभी समूहों को अक्टूबर तक अपनी कार्ययोजना सौंपने के लिए कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट जलवायु अनुकूल नीतियों का मसौदा तैयार करने के लिए सभी मंत्रालयों के लिए नीति पुस्तिका बनेगी।

नीति आयोग के ज्ञापन के अनुसार वृहद आर्थिक कार्यसमूह सकल घरेलू उत्पाद, चालू खाते का घाटा, राजकोषीय घाटा, रोजगार, कर राजस्व आदि पर नेट जीरो के असर का मूल्यांकन करेगा और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मौद्रिक और वित्तीय नीतियों की सिफारिश करेगा।

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी की अध्यक्षता वाले इस समूह में आर्थिक मामलों का विभाग, पर्यावरण, बिजली, पेट्रोलियम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें इक्रियर, मैकिंजी, टेरी, आईआईएम–अहमदाबाद, आईआरएडीई, सीईईडब्ल्यू के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

इसी तरह जलवायु फाइनैंस पर कार्यसमूह विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भारत के लिए जलवायु फाइनैंस की जरूरतों का अनुमान लगाएगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी की अध्यक्षता वाले इस समूह में वित्त मंत्रालय और एडीबी, विश्व बैंक जैसी बहुतराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों एवं मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों के सदस्य शामिल हैं।

# टाटा ग्रुप की एयर इंडिया अमरावती में बनाएगी साउथ एशिया का सबसे बड़ा उड़ान संस्थान



नईदिल्ली, 01 जुलाई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 कमर्शियल पायलट को प्रशिक्षित करना है।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

एयरलाइन के अनुसार, यह आगामी सुविधा देश में किसी भी भारतीय एयरलाइन द्वारा स्थापित की जाने वाली पहली सुविधा होगी। इसमें प्रशिक्षण के लिए 31 सिंगल इंजन वाले विमान और तीन दोहरे इंजन वाले विमान होंगे।

एयर इंडिया ने कहा कि उसे महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी से 30 वर्षों के लिए इस सुविधा की स्थापना और संचालन के लिए निविदा मिली है।

एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पबेल विल्सन ने कहा, श्अमरावती में एफटीओ भारतीय विमानन को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने तथा भारत में युवाओं को पायलट के रूप में उड़ान भरने की उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।ग्य

उन्होंने कहा, श्इस एफटीओ में प्रशिक्षित युवा पायलट एयर इंडिया की विश्व स्तरीय एयरलाइन बनने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देंगे.. ।ग्य

एमएडीसी की वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने कहा, श्एमएडीसी तथा एयर इंडिया के बीच सहयोगात्मक पहल से न केवल विमानन क्षेत्र में 3,000 से अधिक नए रोजगार अवसर उत्पन्न होंगे बल्कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।ग्य

# सोना तेज शुरुआत के बाद फिसला, चांदी भी नरम



नईदिल्ली,01 जुलाई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में इसके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ ही खुले। सोने के वायदा भाव 71,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 24 रुपये की तेजी के साथ 71,606 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 50 रुपये की गिरावट के साथ 71,532 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,612 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,532 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 187 रुपये की गिरावट के साथ 86,980 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 167 रुपये की गिरावट के साथ 87,000 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 87,068 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,906 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 2,336.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,339.60 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 3.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,336.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.44 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 29.56 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 29.41 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# मजबूत मांग से जून में बढ़ी भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ, तेज रफ्तार से रोजगार में हुआ इजाफा



नईदिल्ली, 01 जुलाई। मई महीने की गिरावट से उबरने के बाद जून में एक बार फिर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़ोतरी देखने को मिली। आज यानी 1 जुलाई को एचएसबीसी द्वारा जारी पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आंकड़ा मई के 57.5 से बढ़कर जून में 58.3 हो गया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यह सुधार उत्साहजनक मांग के कारण हुआ, जिससे नए ऑर्डर, प्रोडक्शन और खरीद में इजाफा हुआ।

इसके अलावा, 19 से ज्यादा सालों के डेटा कलेक्शन में कंपनियों में सबसे तेज दर से रोजगार में इजाफा दखने को मिला। इस बीच, लागत दबाव मई से कम हो गया था, लेकिन फिर भी पिछले दो वर्षों में सबसे अधिक था, जिसके कारण कंपनियों ने मई 2022 के बाद से बिक्री कीमतों को उच्च स्तर तक बढ़ाया।एचएसबीसी के सर्वेक्षण में कहा गया, श्भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि ने मई में खोई हुई स्थिति वापस पा ली है, हेडलाइन पीएमआई अपने लॉन्ग रन एवरेज से लगभग पांच अंक ऊपर है। जून के आंकड़ों से पता चला है कि मजबूत मांग की स्थिति ने नए ऑर्डर, आउटपुट और खरीदारी के स्तर में विस्तार को बढ़ावा दिया है।ग्यइंडेक्स में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है और नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ता वस्तु उद्योग का प्रदर्शन विशेष रूप से मजबूत था, हालांकि इंटरमीडिएट और इन्वेस्टमेंट गुड्स कैटेगरी में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई।सर्वेक्षण में कहा गया है, श्जून में भारत में मैन्युफैक्चरर्स की बिक्री में मजबूत वृद्धि देखी गई। मजबूत अंडरलाइंग डिमांड, हाई एक्सपोर्ट वॉल्यूम और सफल एडवर्टाइजिंग ने ग्रोथ को गति दी। नए ऑर्डर में जारी वृद्धि की वजह से कंपनियों ने भर्ती बढ़ा दी।ग्यएचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने जून तिमाही को मजबूत आधार पर समाप्त किया, जिसे नए ऑर्डर और आउटपुट में बढ़ोतरी से समर्थन मिला और कंपनियों ने सबसे तेज गति से अपनी नियुक्तियां बढ़ाईं।उन्होंने कहा, श्कीमत के मोर्चे पर, इनपुट लागत जून में थोड़ी कम हुई, लेकिन ऊंचे स्तर पर रही। मांग मजबूत रहने के कारण मैन्युफैक्चरर्स ग्राहकों पर ज्यादा लागत लगाने में सक्षम थे, और इस वजह से मार्जिन में सुधार हुआ। जबकि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए ओवपआल आउटलुक पॉजिटिव बना हुआ है। भविष्य का आउटपुट इंडेक्स तीम महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया, हालांकि यह ऐतिहासिक औसत से ऊपर बना हुआ है।ग्यसर्वेक्षण में कहा गया है कि जून में नए निर्यात ऑर्डरों में फिर से काफी वृद्धि देखी गई और कंपनियों ने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, यूरोप और अमेरिका से बेहतर मांग के लिए विदेशों से नए काम की अधिक आमद को जिम्मेदार ठहराया।जून मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई महीने के लिए 58.5 के फ्लैश अनुमान से नीचे आ गया और यह जुलाई 2021 के बाद से लगातार 36वें महीने मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में ग्रोथ है।

# पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा का बड़ा ऐलान, पेरिस डायमंड लीग में नहीं आएंगे नजर, पढ़े पूरी डिटेल



नीरज चोपड़ ने ओलंपिक से पहले होने वाले पेरिस डायमंड लीग से नाम वापस ले लिया है। इसका मतलब ये है कि ये स्टार खिलाड़ी अब डायमंड लीग में खेलते हुए नहीं दिखाई देंगे। वहीं इसके बाद अब उनकी चोट को लेकर फैंस के बीच कई सावल उठ रहे हैं।26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेलों का महाकुंभ ओलंपिक फ्रांस के पेरिस में शुरू होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और स्टार भारतीय जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ ने ओलंपिक से पहले होने वाले पेरिस डायमंड लीग से नाम वापस ले लिया है। इसका मतलब ये है कि ये स्टार खिलाड़ी अब डायमंड लीग में खेलते हुए नहीं दिखाई देंगे। वहीं इसके बाद अब उनकी चोट को लेकर फैंस के बीच कई सावल उठ रहे हैं। इस पर बता दें कि, नीरज ने जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों में असहजता के कारण इस लीग से नाम वापस लिया है। ईएसपीएन से बातचीत में नीरज ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।साथ ही उन्होंने कहा कि, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगता है कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है, थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रुक जाना ही ठीक है। बता दें कि, पिचले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले नरीज ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। साथ ही उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था।

## तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए कौशल को निखारने पर पी वी सिंधू का फोकस

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और तोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशरू रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, ''यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।''

# रिकार्ड हाई के बाद थोड़ा लो हुआ यूपीआई ट्रांजैक्शन, जून में घटकर 20.07 लाख करोड़ पर पहुंचा




नईदिल्ली, 01 जुलाई। मई में 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन्स के रिकॉर्ड हाई लेवल को छूने के बाद, जून में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन में मामूली गिरावट देखी गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 में यूपीआई वॉल्यूम 1,389 करोड़ हो गया। इस दौरान 20.07 लाख करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन देखने को मिले। यह मई की तुलना में वॉल्यूम में 1 फीसदी और वैल्यू में 2 फीसदी की गिरावट थी।हालांकि, जून 2023 के मुकाबले, यूपीआई वॉल्यूम में 49 फीसदी और वैल्यू में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। अप्रैल 2016 में यूपीआई के शुरू होने के बाद मई 2024 में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में ट्रांजैक्शन सबसे ज्यादा हुए थे।।इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) ट्रांजेक्शन वॉल्यूम जून में 51.7 करोड़ पर था, जो मई के 55.8 करोड़ के मुकाबले 7 फीसदी कम था। वैल्यू के लिहाज से, आईएमपीएस ट्रांजेक्शन जून में 5.78 ट्रिलियन रुपये (5.78 लाख करोड़ रुपये) पर था, जो मई के ?6.06 ट्रिलियन के मुकाबले 5 फीसदी कम था। अप्रैल में यूपीआई 55 करोड़ वॉल्यूम और 5.92 लाख करोड़ रुपये की वैल्यू पर था। जून 2023 के मुकाबल, वॉल्यूम में 10 फीसदी और वैल्यू में 15 फीसदी की वृद्धि हुई।फास्टैग ट्रांजेक्शन में भी जून के दौरान 4 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो मई में 34.7 करोड़ से घटकर 33.4 करोड़ हो गए। वैल्यू के लिहाज से, यह जून में 2 फीसदी की गिरावट के साथ 5,780 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो मई में 5,908 करोड़ रुपये था। अप्रैल में फास्टैग 32.8 करोड़ और 5,592 करोड़ रुपये पर था। जून 2023 की तुलना में वॉल्यूम में 6 फीसदी और वैल्यू में 11 फीसदी की वृद्धि हुई।

आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम जून में वॉल्यूम के लिहाज से 11 फीसदी बढ़कर 10 करोड़ पर पहुंच गया, जो मई में 9 करोड़ और अप्रैल में 9.5 करोड़ था। वैल्यू के लिहाज से भी, यह मई के ?23,417 करोड़ की तुलना में 7 फीसदी बढ़कर 25,122 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में यह 25,172 करोड़ रुपये पर था।

# सेलिना जेटली का 19 साल में बदला लुक



I kल 2005 में आई फिल्म नो एंट्री में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलिना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता अहम किरदार निभाया था। अब 19 साल में पूरी कास्ट का लुक बदल चुका है। इन्हीं में से एक हैं एक्ट्रेस सेलिना जेटली, जिन्हें बॉलीवुड को छोड़े 12 साल हो गए हैं और अब दो जुड़वां बच्चों की मां हैं। हालांकि उन्होंने एक बच्चे को खो दिया। उन सालों में उनका लुक पूरी तरह बदल चुका है लेकिन खूबसूरती पहले ज्यादा स्टनिंग लग रही हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक फैंस को दिखाई है, जिसमें उन्होंने टैंप्लेट का इस्तेमाल किया। उसमें पंजाबी में लिखा था। सॉरी यार ब्रेकडाउन हो रहा है मुझे और उन्होंने बताया कि कैसे वह कई दिल दहला देने वाले नुकसानों से गुजरी हैं, जिसमें उनकी दूसरी प्रेग्नेंसी में उनके जुड़वां बच्चों में से एक की मृत्यु भी हो गई थी। हालांकि, वह योग की मदद से इससे उबर गई और अब ट्रांसफॉर्मेशन कर लिया है। एक्ट्रेस ने लिखा, जीवन में उतार–चढ़ाव आते रहते हैं। उन्हें स्क्वॉट्स में बदल दें। मुझे पता है कि यह मुश्किल है लेकिन दिमाग शरीर और किसी भी बाहरी परिस्थिति से ज्यादा मजबूत है। हार मत मानो! सेलीना जेटली नो एंटी, गोलमाल रिटर्नस और अपना सपना मनी मनी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। ¼fgQh½

# शिमरी गोल्डन ब्लाउज और लाग्न स्कर्ट में किलर लग रहीं मोनालिसा, अदाएं ऐसी की नजर नहीं हटा सकेंगे

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।



एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी बोल्ड और स्टनिंग फोटोज शेयर कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर लोगों के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने गोल्डन कलर का ब्लाउज पहना हुआ है और साथ ही थाई स्लिट लॉन्ग स्कर्ट पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मोनालिसा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देते हुए सोशल मीडिया पर कहर ढा दिया है।

एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी इन फोटोज में अपना कर्वी फिगर जमकर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके स्टनिंग लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।कानों में इयररिंग्स, नेकलेस, रिंग्स, चूड़ियां और हाई हील्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# घर चलाने के लिए मीना कुमारी को छोड़नी पड़ी थी पढ़ाई



Cपनाह हुस्न की मल्लिका, बेहिसाब नजाकत और गहरी आंखों में डूबने को मजबूर करते जज्बात, मीना कुमारी ने पचास से साठ के दशक के बीच बॉलीवुड का शानदार दौर देखा। काम के साथ और अपने सहयोगी के साथ मोहब्बत भी हुई लेकिन जितना प्यार दर्शकों से मिला असल जिंदगी में इश्क उतना मुकम्मल न हो सका। मीना कुमारी के पिता का नाम था अली बख्श, जो पाकिस्तान में संगीत की शिक्षा देते थे। वो उर्दू के कवि भी थे। उनकी मां प्रभावती देवी रंगमंच किया करती थीं। शादी के बाद दिन पर दिन मीना कुमारी के परिवार के हालात खराब होते गए। हालात ये हुए कि मीना कुमारी के जन्म के वक्त, डिलीवरी के लिए परिवार के पास पैसे तक नहीं थे। घर के खस्ताहाल देखते हुए परिवार ने चार साल की नन्हीं सी उम्र में ही मीना कुमारी को फिल्मों में काम करने भेज दिए। मीना कुमारी की पढ़ाई छुड़वा दी गई और घर चलाने का जिम्मा उनके हिस्से आ गया।

बेबी मीना के नाम से मीना कुमारी छोटी सी उम्र से ही फिल्मों में फेमस हो गईं। उन्हें काम भी मिलने लगा और उनकी कमाई पर घर की गाड़ी चल पड़ी। बचपन के दिन बीते और मीना कुमारी ने जवानी की दहलीज पर कदम रखा, उनकी खूबसूरती और अदायगी को देखते हुए उन्हें लीड एक्ट्रेस का रोल मिलने लगा। 1952 में रिलीज हुई बैजू बावरा में बेबी मीना, मीना कुमारी के नाम से पर्दे पर नजर आईं। मीना कुमारी के लाखों फैन्स थे। मीना कुमारी के फेम से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है। वो कमाल अमरोही के साथ कहीं जा रही थी। बीच रास्ते में उन्हें डाकुओं ने घेर लिया लेकिन लूटने की जगह डाकू मीना कुमारी को देखता ही रह गया। वो डाकू मीना कुमारी के फैन थे जिन्होंने फिर उनकी खूब खातिरदारी की। ¼fgQh½

# कल्कि 2898 एडी ने बाक्स आफिस पर उड़ाया गर्दा, वर्ल्डवाइड कमा डाले 415 करोड़

प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, कमल हासन स्टारर कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. पहले दिन 191.5 करोड़ रुपये की कमाई करने के बाद, नाग अश्विन की साई–फाई फिल्म कल्कि 2898 एडी बेहतरी की ओर बढ़ रही है. दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन के बाद, शुरुआती अनुमान बताते हैं कि फिल्म ने भारत में तीसरे दिन 67. 10 करोड़ रुपये कमाए. कल्कि 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई.



कल्कि 2898 एडी ने दूसरे दिन भारत में57.60 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 298 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ फिल्म का टोटल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 415 करोड़ रुपये हो गया है. तीसरे दिन के शुरुआती अनुमान बताते हैं कि फिल्म ने भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने अपने पहले शनिवार को 67. 10 करोड़ रुपये कमाए, जिससे तीन दिन की कुल कमाई 220 करोड़ रुपये हो गई.

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी ये फिल्म भगवान विष्णु के आधुनिक अवतार की है, जिनके बारे में कहा गया है कि दुनिया को बुराइयों से बचाने के लिए उन्होंने यह अवतार लिया है।फिल्म में प्रभास और दीपिका पादुकोण से कहीं ज्यादा अमिताभ की तारीफ हो रही है।कमल हासन, दिशा पाटनी और दुलकर सलमान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

वैजयंती मूवीज ने 600 करोड़ रुपये के बजट में कल्कि 2898 एडी बनाई. इसे भारत की सबसे महंगी फिल्म माना जा रहा है. प्रभास के अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन जैसे कलाकार खास रोल प्ले कर रहे हैं. इनके अलावा दिशा पटानी, पसुपति, शोभना, अन्ना बेन भी फिल्म का हिस्सा हैं वहीं फिल्म के सरप्राइज फैक्टर एसएस राजामौली, विजय देवरकोंडा, राम गोपाल वर्मा, दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर हैं जिन्होंने इस फिल्म में कैमियो किया है.

# ट्विंकल अरोड़ा के आरामदायक कपड़े क्राप टाप, लूज पैंट हैंय डेट नाइट के लिए क्लासी पसंद



अभिनेत्री ट्विंकल अरोड़ा ने इस बात पर जोर दिया है कि लोग फैशन ट्रेंड के पीछे कैसे हद से ज़्यादा आगे निकल जाते हैं। उन्होंने अपने आरामदायक कपड़ों और डेट नाइट आउटफिट्स के लिए अपनी पसंद का खुलासा किया।

उड़ारियां में अपने काम के लिए मशहूर ट्विंकल का कहना है कि वह फैशन ट्रेंड के पीछे नहीं भागती हैं।

उनके लिए फैशन के मामले में आराम सबसे ज़्यादा मायने रखता है।

उन्होंने कहा फैशन ट्रेंड बदलते रहते हैं और मैं उनमें से एक हूं जो सक्रिय रूप से उनका अनुसरण नहीं करती। कभी–कभी मुझे लगता है कि यह एक मुश्किल काम है क्योंकि मैं फैशन बैकग्राउंड से नहीं हूँ। इसलिए इसके साथ बने रहने के लिए मुझे प्रयास करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर उन्हें स्टाइल करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है, बल्कि वह मौके और जगह के हिसाब से कपड़े पहनने में विश्वास करती हैं।

फैशन ट्रेंड के बारे में आगे बात करते हुए ट्विंकल ने कहारू कभी–कभी मैं देखती हूं कि लोग जो पहन रहे हैं, उसमें सहज नहीं हैं। लेकिन यही फैशन है। पहनने के बारे में फैसला करते समय आपको जिस चीज पर ध्यान देना चाहिए, वह है शान और आराम। आउटफिट चुनते समय ये दो चीजें मेरे मुख्य विचार हैं। ट्विंकल के आरामदायक कपड़े ढीले पैंट और क्रॉप टॉप हैं, उन्होंने कहा कि इन्हें पहनना आसान है और ये अच्छे लगते हैं।

उन्होंने कहा, ये पहनने में भी आरामदायक हैं। इसके बाद, पजामा या कोई भी ऐसा कपड़ा जो आरामदायक लगे, ये मेरे आरामदायक कपड़े हैं। कुछ ऐसे कपड़े जो मैं आसानी से पहन सकती हूं और जो प्रेजेंटेबल हों, जैसे को–ऑर्ड्स।

डेट नाइट के लिए, वह आरामदायक, खूबसूरत और क्लासी ड्रेस चुनती हैं या फिर बेसिक लॉन्ग पैंट और क्रॉप टॉप पहनती हैं।

हालांकि, एक्सेसरीज के मामले में, उन्हें यकीन नहीं है ।

# जूही चावला ने शाहरुख के बारे में किया रहस्योद्घाटन

, क इवेंट में जूही चावला ने उन दिनों को याद किया जब शाहरुख खान की कार को बैंक ने ले लिया था जब वह ईएमआई नहीं भर पाए थे। यह करियर के उन दिनों की बात है जब उनका मुंबई में घर नहीं था। जूही चावला ने कहा, मुझे याद है शाहरुख के वह दिन जब उनके पास मुंबई में घर नहीं था और वह दिल्ली से आए थे। हांजी उनके लिए खाना बनाने वाला कोई नहीं था और मैं नहीं जानती वह कहां रह रहे थे। यूनिट का खाना खाते थे, उनकी प्लेट से। यूनिट की चाय पीते थे और यूनिट के साथ बिल्कुल घुल मिल के हंसी मजाक बातें करना। आगे उन्होंने कहा, उनके पास एक कार थी। वह जिप्सी थी। मुझे याद है वो काले रंग की जिप्सी थी। वह दो तीन शिफ्ट करते थे। हमारे साथ राजू बन गया जेंटल मैन कर रहे थे और दिल आशना कर रहे थे शायद। और फिर वह दूसरी फिल्म दिव्या भारती के साथ भी कर रहे थे। वह चौबीसों घंटे काम करते थे और वह वाकई बहुत मेहनती थे। किसी कारण से, वह अपनी कार का किराया नहीं चुका पाए थे या ईएमआई नहीं दी थी। कुछ हो गया था। उनकी कार को ले गए थे और उनके पास कुछ नहीं था। उस दिन वह सेट पर बहुत निराश होकर आए। मुझे नहीं पता लेकिन मैंने जरूर कहा होगा, अरे कोई बात नहीं। आपके पास कई कारे होंगी। वो आएंगी आप देखना। चिंता मत करो। यह कुछ नहीं है। उन्हें अभी भी याद है। अब देखो वो कहां हैं।





गौरतलब है कि शाहरुख खान ने भी 2015 में इस घटना का जिक्र करते हुए कहा था, मेरी पहली जीप, जिसे मैंने श्राजू बन गया जेंटलमैन की शूटिंग के दौरान खरीदा था, बैंक ने भुगतान न करने के कारण जब्त कर ली थी। ¼fgQh½

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)